


दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच नई पहल

वर्ष 04, अंक 15 | ग्वालियर गुरुवार 4 मार्च 2021 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8




## न्यूज टैक

### चरम पर पहुंची बेरोजगारी

**तिरूवनंतपुरम ।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह ने केंद्र पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि 2016 में भाजपा नीत सरकार द्वारा बिना सोच-विचार के लिए गए नोटबंदी के फैसले के चलते देश में बेरोजगारी चरम पर है और अनौपचारिक क्षेत्र खस्ताहाल हो गया है। उन्होंने



राज्यों से नियमित रूप से परामर्श नहीं करने को लेकर भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की आलोचना की है। आर्थिक विषयों के 'थिंक टैंक' राजीव गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंट स्टडीज द्वारा डिजिटल माध्यम से आयोजित एक विकास सम्मेलन का उदघाटन करते हुए मनमोहन सिंह ने कहा कि बढ़ते वित्तीय संकट को छिपाने के लिए भारत सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा किए गए अस्थाई उपाय के चलते आसन्न कर्ज संकट से छोटे और मंझोले (उद्योग) क्षेत्र प्रभावित हो सकते हैं और इस स्थिति की हम अनदेखी नहीं कर सकते हैं। यह संकट 2016 में बगैर सोच-विचार के लिए गए नोटबंदी के फैसले के चलते पैदा हुआ है।

### विदेश मंत्री जयशंकर 4 मार्च को बांग्लादेश की यात्रा पर जायेंगे



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर बृहस्पतिवार को बांग्लादेश की यात्रा पर जायेंगे, जहां वे द्विपक्षीय संबंधों की प्रगति की समीक्षा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। जयशंकर की यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब इसी महीने के अंत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बांग्लादेश यात्रा संभावित है विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, विदेश मंत्री जयशंकर बांग्लादेश के अपने समकक्ष डा एके अब्दुल मोमीन के निमंत्रण पर 4 मार्च को राजकीय यात्रा पर बांग्लादेश जा रहे हैं। मंत्रालय ने कहा है कि अपनी यात्रा के दौरान जयशंकर बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना और विदेश मंत्री डा एके अब्दुल मोमीन से मुलाकात करेंगे। विदेश मंत्री की बांग्लादेश यात्रा 17 दिसंबर 2020 को दोनों देशों के बीच डिजिटल माध्यम से प्रधानमंत्री स्तरीय शिखर यात्रा के बाद हो रही है। मंत्रालय ने कहा कि इस यात्रा के दौरान जयशंकर को द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति की समीक्षा करने का मौका मिलेगा।

### कोरोना मामलों पर सख्त हुई मुंबई पुलिस, जुर्माना वसूलने का आदेश

**मुंबई।** एक बार फिर महाराष्ट्र में कोरोना संक्रमण के मामलों की संख्या अब चिंता का सबब बनती जा रही है. खासकर मुंबई पर एक बार फिर कोरोना का खतरा मंडरा रहा है. इसी के मद्देनजर मुंबई के पुलिस आयुक्त परमवीर सिंह ने मास्क नहीं पहनने वाले लोगों के खिलाफ



अभियान तेज करते हुए पुलिस से प्रत्येक जोन में नियमों का उल्लंघन करने वाले कम से कम 1,000 लोगों से जुर्माना वसूलने को कहा है. एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. उन्होंने कहा कि मुंबई को 12 पुलिस जोन में बांटा गया है और शहर पुलिस को कोविड-19 नियमों के तहत मास्क नहीं पहनने वालों से 200 रुपये जुर्माना वसूलने का अधिकार दिया गया है. मुंबई पुलिस के प्रवक्ता एस चैतन्य ने कहा कि पुलिस कोविड-19 संक्रमण रोकने के लिए नागरिकों के बीच जागरुकता बढ़ाने का प्रयास कर रही है।

# अनुराग कश्यप, तापसी पन्नू के घर आयकर छापे

मुंबई।

**सरकारी नीतियों की आलोचना करते रहने वाले अनुराग कश्यप और तापसी पन्नू जैसी शख्सियतों के ख़िलाफ़ आयकर विभाग ने छापे मारे हैं। फ़िल्म डायरेक्टर अनुराग कश्यप, अभिनेत्री तापसी पन्नू के अलावा जिन लोगों के यहाँ छापे मारे गए हैं उनमें विकास बहल, मधु मेंटेना भी शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार यह छापेमारी मधु मंटेना की कंपनी फैंटम फिल्म्स से संबंधित बताई जा रही है। आयकर विभाग की ओर से यह छापेमारी मुंबई में क़रीब 22 ठिकानों पर की जा रही है।**



आयकर विभाग के सूत्रों ने बताया कि फैंटम फिल्म्स के ठिकानों पर भी छापेमारी की कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही आयकर विभाग ने एक बयान में कहा है कि मुंबई में फ़िल्म निर्देशक अनुराग कश्यप और एक्टर तापसी पन्नू की संपत्तियों पर भी आयकर विभाग ने छापे मारे हैं। आयकर विभाग की ओर से हुई इस कार्रवाई में ज़्यादातर वही लोग हैं जो अनुराग कश्यप कैंप से संबंध रखते हैं। शुरुआती जाँच में पता चला है कि अनुराग कश्यप पहले फैंटम कंपनी का हिस्सा थे और इसी के चलते उन पर इनकम टैक्स विभाग ने छापेमारी की है। आपको बता दें कि अनुराग कश्यप और तापसी पन्नू लगातार पिछले काफ़ी समय से बीजेपी के निशाने पर रहे हैं और कयास लगाए जा रहे हैं कि बीजेपी के इशारे पर ही आयकर विभाग ने इन सितारों पर कार्रवाई की है। आजमी का कहना है कि मोदी सरकार के ख़िलाफ़ जो भी बोलने की हिम्मत करता है उसी को सीबीआई और इनकम टैक्स एजेंसियों का डर दिखाकर चुप करा दिया जाता है। उन्होंने कहा कि अगर कोई उनसे लड़ने की हिम्मत करता है तो उस पर इनकम टैक्स और ईडी जैसी रेड करा दी जाती है।

### बॉलीवुड हस्तियों के घर आयकर छापे, आवाज को दबाने की कोशिश : नवाब मलिक



बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू, फिल्म निर्देशक अनुराग कश्यप की कंपनी फैंटम फिल्म्स तथा प्रतिभाओं की खोज करने वाली एक कंपनी समेत कुछ अन्य परिसरों पर बुधवार को आयकर विभाग ने छापे मारे। इस लेकर कांग्रेस पार्टी समेत अन्य विपक्षी दलों ने केंद्र सरकार पर सवाल उठाए हैं। इस क्रम में महाराष्ट्र के मंत्री और एनसीपी नेता नवाब मलिक ने कहा कि आयकर विभाग के छापे को नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ बोलने वालों की आवाज दबाने का प्रयास बताया है।

### कृषि सुधार किसान की तस्वीर और तकदीर बदलेंगे

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने नये कृषि कानूनों की ओर इशारा करते हुए मंगलवार को यहां कहा कि कृषि सुधार देश के किसानों की तस्वीर और तकदीर बदलने वाले हैं। नड्डा ने किसान नेताओं पर आरोप लगाया कि सालों साल तक उन्होंने किसानों



के नाम पर राजनीति की है उनका भला नहीं किया। साथ ही उन्होंने राज्य के भाजपा नेताओं को आत्मविश्लेषण करने और पार्टी में अपनी प्रासंगिकता और स्वीकार्यता बढ़ाने की भी नसीहत दी। जयपुर के एक दिन के दौरे पर आए नड्डा ने यहां बिड़ला सभागार में भाजपा की राजस्थान प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि किसान नेताओं ने सालों-साल किसानों पर राजनीति की है लेकिन उनका भला नहीं किया। अगर किसान का किसी ने भला किया है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है।

### दिल्ली नगर निगम उपचुनाव परिणाम

## आप का जबरदस्त प्रदर्शन, कांग्रेस का खुला खाता, अपनी सीट भी न बचा सकी भाजपा

**नई दिल्ली।** नगर निगम उपचुनाव को लेकर आज पांच सीटों पर हार-जीत का फैसला हो गया जो काफी महत्वपूर्ण है। पांच में से चार वार्डों में आप ने जीत हासिल की है वहीं कांग्रेस ने एक सीट पर सबसे ज्यादा अंतर से जीत हासिल की है। वहीं पिछली चुनाव में इनमें से एक सीट पर काबिज रही भाजपा खाता भी नहीं खोल सकी। दिल्ली नगर निगम उपचुनाव के पांचों वार्ड के नतीजे घोषित हो चुके हैं। इनमें से चार वार्ड रोहिणी सी, शालीमार बाग, त्रिलोकपुरी, कल्याणपुरी पर आप ने परचम लहराया है वहीं चौहान बांगर सीट पर कांग्रेस ने कब्जा किया है। दूसरी ओर भाजपा अपनी एक सीट भी नहीं बचा सकी। चौहान बांगर वार्ड से कांग्रेस उम्मीदवार 10 हजार से



ज्यादा वोट से लीड कर रहे हैं। यह पांचों वार्डों में बढ़त का सबसे बड़ा मार्जिन है। कल्याणपुरी वार्ड में कुल 9 राउंड की मतगणना के बाद परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। यहां से आप उम्मीदवार धीरेंद्र कुमार को कुल 14,302 वोट मिले। यहां से दूसरे नंबर पर भाजपा रही जिसके उम्मीदवार सियाराम कन्नौजिया को सात हजार के करीब वोट मिले। चौहान बांगर सीट पर कांग्रेस 5800 वोटों से भी ज्यादा से आगे है और यहां उसकी जीत लगभग तय हो चुकी है। वहीं खबर है कि 50 प्रतिशत वोटों की गिनती पूरी हो चुकी है। पांच वार्डों में कुल वोटरों की संख्या 2,42,414 है जबकि वोट केवल 1,23,299 मतदाताओं ने डाले हैं। 67,938 मतों की गणना हो चुकी है। नगर निगम उपचुनाव के लिए रोहिणी सी, शालीमार बाग, त्रिलोकपुरी, कल्याणपुरी और चौहान बांगर इलाके में चुनाव हुआ है जिसमें से चौहान बांगर को छोड़कर सभी चार सीटों पर आम आदमी पार्टी आगे चल रही है। वहीं कांग्रेस एक सरप्राइज फैक्टर की तरह सामने आई है और चौहान बांगर सीट पर 3000 से ज्यादा वोटों से बढ़त बनाए हुए है। इस चुनाव से वर्ष 2022 में होने वाले निगम चुनाव की भी दिशा तय होगी और जनता का रूझान पता चलेगा। वहीं, दूसरी ओर चुनाव के बाद ही तीनों प्रमुख पार्टी की ओर से नेता जीत की दावेदारी ठोक चुके हैं। तीनों पार्टियां इसे अगले निगम चुनाव का सेमीफाइनल मानकर चल रही हैं।

### अब चौबीसों घंटे होगा कोरोना वैक्सीनेशन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री हर्षवर्धन ने कहा है कि सरकार ने कोरोना रोधी टीके लगाने की रफ्तार बढ़ाने के लिए समयसीमा खत्म कर दी है. अब नागरिक चौबीस घंटे सातों दिन अपनी सुविधानसुसार टीके लगवा सकते हैं. इससे पहले जब 1 मार्च से टीकाकरण का दूसरा चरण शुरू होने वाला था तब हर केंद्र पर सुबह 9 बजे से दोपहर तीन बजे तक का समय वैक्सीनेशन के लिए फिक्स था. स्वास्थ्य मंत्री ने ट्वीट किया कि सरकार ने वैक्सीनेशन की रफ्तार बढ़ाने के लिए समय की बाध्यता समाप्त कर दी है. देश के नागरिक अब 24×7अपनी सुविधानुसार टीका लगवा सकते हैं. पीएम नरेंद्र मोदी देश के नागरिकों के स्वास्थ्य के साथ-साथ उनके समय की कीमत बखूबी समझते हैं. देश भर में कोविड-19 टीके की अब तक 1.54 करोड़ खुराक लाभार्थियों को दी गई है. इस आंकड़े में मंगलवार को दी गई 6,09,845 खुराक भी शामिल हैं. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने अपने अस्थायी आंकड़े में यह जानकारी दी.



### किसान 6 मार्च को केएमपी एक्सप्रेसवे को करेंगे जाम

**कोलकाता ।** तीन कृषि कानूनों के विरोध में 97 दिनों से दिल्ली की सीमाओं पर डटे किसान संगठनों ने आंदोलन को धार देते हुए भाजपा को चुनावी राज्यों में वोट की चोट देने की रणनीति बनाई है। 32 किसान संगठनों के शीर्ष नेतृत्व किसान संयुक्त मोर्चा ने कोलकाता में किसानों की महापंचायत बुलाई है। किसान मोर्चा के सदस्य पश्चिम बंगाल की सभी 294 विधानसभा सहित दूसरे राज्यों में घूम-घूम कर जनता से भाजपा को हराने की अपील करेंगे। संयुक्त किसान मोर्चा के वरिष्ठ नेता बलबीर सिंह राजेवाल पत्रकारों से कहा कि पांच मार्च को आंदोलन के 100 दिन पूरे हो जाएंगे। इसको देखते हुए दो हफ्ते का कार्यक्रम बनाया गया है। छह मार्च को कोडली मानेसर एक्सप्रेस वे पर सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक चक्का जाम किया जाएगा। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा व यूपी के किसानों को पांच तारीख को पहुंचने का आह्वान किया गया है।



### आरएसएस को समझने में राहुल गांधी को अभी बहुत वक्त लगेगा

**नई दिल्ली ।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के इमरजेंसी वाले बयान पर केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने पलटवार कर कहा कि सभी संवैधानिक ढांचे को आपने खत्म करने की कोशिश की, मंत्री, सांसद, विधायक सभी को जेल में डाला, प्रेस की आजादी पर पाबंदी लगा दी और कह रहे हम संवैधानिक ढांचे को खत्म कर रहे। राहुल की संघ को लेकर दिए बयान पर जावड़ेकर ने कहा कि उन्हें आरएसएस को समझने में वक्त लगेगा। आरएसएस देशभक्ति की सबसे बड़ी पाठशाला है, इसकारण पूरी दुनिया में इसका आदर है। भारत में यह लोगों की भूमिका में परिवर्तन लाता है और उन लोगों को देश भक्ति के लिए प्रेरित करता है।




ग्वालियर से प्रकाशित
दैनिक पुष्पांजली टुडे
राष्ट्रीय मासिक पत्रिका, ऑनलाइन न्यूज़ चैनल, पोर्टल, एंड्रॉयड ऐप
को
सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है
ब्यूरो चीफ/रिपोर्टर
मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरूणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल
आदि राज्यों के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है
सम्पर्क करें
जी.एस. प्लाजा सूर्य मंदिर रोड गोले का मंदिर, ग्वालियर मध्यप्रदेश
फोन: 0751-4901403
मो. 7879637585, 8770253710
Website-www.pushpanjalitoday.com
Email.- pushpanjalitoday@gmail.com


## नंदकुमार सिंह चौहान पंचतत्व में विलीन




**भोपाल।** मध्यप्रदेश के खंडवा से सांसद नंदकुमारसिंह चौहान आज पंचतत्व में विलीन हो गए। उनके बेटे हर्षवर्धन सिंह चौहान ने मुखाग्नि दी। इसके पहले शाहपुर में श्रद्धांजलि सभा हुई। यहां सीएम ने कहा कि नंदकुमारसिंह चौहान के अधूरे कामों को पूरा किया जाएगा।

### भावुक हो गए सीएम शिवराज मंत्री तुलसी सिलावट ने संभाला



खंडवा के मेडिकल कॉलेज और बुरहानपुर के जिला अस्पताल का नाम नंदकुमारसिंह चौहान के नाम पर किया जाएगा। शाहपुर नगर पंचायत का नया भवन बनाकर उनकी भव्य प्रतिमा लगाई जाएगी। गन्ना केंद्र का नाम भी नंदकुमारसिंह चौहान के नाम पर किया जाएगा। सीएम शिवराज दोपहर एक बजे शाहपुर पहुंच गए थे। अंतिम संस्कार में शामिल हुए। शिवराज सिंह चौहान ने अर्थी को कंधा भी दिया। उन्होंने नंदकुमारसिंह चौहान के बेटे हर्षवर्धन को सांत्वना दिया। शिवराज सिंह चौहान इस दौरान भावुक हो गए। उन्हें मंत्री तुलसी सिलावट और सांसद राकेश सिंह ने संभाला।

## संक्षिप्त समाचार

## दावत होटल की तोड़फ़ोड़ करने वालों के विरूद्ध 307 का मामला दर्ज

**उमाकान्त शर्मा (भिण्ड) पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले दावत होटल पर विगत दरम्यानि रात्रि को आरोपीगण खाना खाकर किसी बात को लेकर फरियादी से लडने़ लगे व गाली गलौंच करने लगे तभी मना करने पर वह धमकी देकर भाग गये, अचानक सुबह तीन बजे आरोपीगण साजिश के तहत आकर अंधाधुंध गोलीबारी करने लगे और देखते ही देखते होटल को चकनाचूर कर फरार हो गये। देहात थाना प्रभारी ध्यानेन्द्र सिंह से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी सतेन्द्र पुत्र उमेश धाकड़ निवासी बॉबीखान का किराये का मकान सरोज नगर भिण्ड व पाँच अज्ञात आरोपीगण विगत दरम्यानि रात्रि के लगभग 10 से 11 बजे दावत होटल पर खाना खाने के लिए पहुँचे खाना खाकर वह फरियादी मनीष उर्फ मंगल पुत्र जसवंत सिंह यादव उम्र 39 से लडने़ लगे तथा गाली गलौच कर भाग गये एवं जान से मारने की धमकी देने लगे तभी स्थानीय लोंगों ने मामले को रफा दफा कर दिया, लेकिन आरोपी व उसके साथ पाँच अज्ञात साथी सुबह तीन बजे आकर होटल पर अंधाधुंध गोलीबारी करने लगे, जिससे दावत होटल बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया एवं वहाँ खड़ी बुलेरो को भी आरोपीगणों ने निशाना बनाया जिसके भी काँच तोडक़र घटनाकारित कर भाग गये, पुलिस को घटना की सूचना मिलते ही तत्काल घटनास्थल पर पहुँचकर फरियादी के लिखित आवेदन पर आरोपगणों के विरूद्ध धारा 307, 294, 34 भादवि के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारम्भ कर दी है।

## आयुष्मान भारत योजनान्तर्गत जागरूकता रैली निकाली गई

**पंकज त्रिपाठी दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड गजेन्द्र सिंह एवं नवागत कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस द्वारा एडीआर भवन जिला न्यायालय परिसर भिण्ड से आयुष्मान भारत योजनान्तर्गत जागरुकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय सीएमएचओ डॉ अजित मिश्रा के अलावा कई अधिकारीगण व कर्मचारी मौजूद रहे।आयुष्मान योजना के तहत 5लाख रुपये तक का इलाज मुफ्त रहेगा

## सीपीसीटी परीक्षा सर्टिफिकेट की वैद्यता अवधि अब होगी 7 वर्ष

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ दैनिक पुष्पांजली टुड**

भोपाल मध्यप्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा (स्वतंत्र प्रभार) एवं सामान्य प्रशासन राज्य मंत्री इंदरसिंह परमार ने कहा कि सीपीसीटी परीक्षा सर्टिफिकेट की वैद्यता अवधि को 4 वर्ष से बढ़ाकर अब 7 वर्ष किया जा रहा है। श्री परमार मंत्रालय में सीपीसीटी परीक्षा संचालन संबंधी समीक्षा बैठक ले रहे थे। श्री परमार ने कहा कि इससे प्रदेश में सहायक ग्रेड-3, स्टेनो, डाटाएंट्री ऑपरेटर और आई.टी. ऑपरेटर जैसे पदों की भर्ती परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले छात्रों को लाभ होगा। राज्य मंत्री श्री परमार ने कहाकि वर्तमान कोरोना काल की परिस्थितियों और परीक्षार्थियों की सहुलियत को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। श्री परमार ने निर्देश दिये कि सीपीसीटी परीक्षा सर्टिफिकेशन की व्यवस्था इस तरह बनाएँ कि परीक्षार्थियों का स्कोर कार्ड दूसरे राज्यों की परीक्षाओं में भी मान्य हो। परीक्षाओं के संचालन की रीयल टाइम मॉनिटरिंग और त्वरित परीक्षा परिणाम जारी करने के लिये आधुनिक प्रौद्योगिकी और तकनीक को अपनाया जाये। परीक्षाओं के संचालन संबंधी सूचनाएँ परीक्षार्थियों को प्रचार-प्रसार के सभी माध्यमों पर उपलब्ध कराएँ। बैठक में अपर मुख्य सचिव श्री विनोद कुमार, सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी श्री एम. सेलवेन्द्रन, निदेशक राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड श्री प्रभातराज तिवारी और उप सचिव सामान्य प्रशासन विभाग श्रीमती दिशा नागवंशी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## बीसनपुरा कार्यालय सहमंत्री पाठक के निवास पहुँचे भाजपा नेता अशोक चौधरी

**दबोह अर्पित गुप्ता पुष्पांजली टुडे**

भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक चौधरी मंगलवार को दबोह क्षेत्र के दौरे पर रहे।इस दौरान वह दबोह क्षेत्र के ग्राम बीसनपुरा में दबोह मण्डल कार्यालय सह मंत्री धर्मेंद्र पाठक के निवास पहुंचे।बीसनपुरा पहुंचने पर धर्मेंद्र पाठक ने अशोक चौधरी का जोरदार स्वागत किया।इस दौरान धर्मेंद्र पाठक ने भाजपा नेता अशोक चौधरी से मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओ का परिचय कराया। इसी तारम्भ में भाजपा नेता अशोक चौधरी क्षेत्र के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर श्री कांक्सी सरकार पहुँचे वहां उन्होंने श्री कांक्सी सरकार के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।व ग्राम ररूआ,अरुसी में गणमान्य लोगों से मुलाकात कर चर्चा की व ग्राम अरूसी पहुंचकर लोगो के यहां शोक संवदेना व्यक्त की।इस दौरान उनके साथ कई भाजपा नेता मौजूद रहे।

## अनियंत्रित हुए बाइक चालक ने वृद्ध महिला को मारी टक्कर,दोनो घायल

**दबोह अर्पित गुप्ता पुष्पांजली टुडे**

बाइक सवार ने पैदल घर की ओर भैंसों को लेकर जा रही वृद्ध महिला को टक्कर मार दी जिसमें वृद्ध महिला व बाइक चालक घायल हो गए।दरअसल मामला दबोह क्षेत्र का है जहां पर गोरा के पास वृद्ध महिला पाचो देवी पत्नी स्व.चमदी लाल निवासी गोरा थाना दबोह अपनी भैंसों को लिए घर की तरफ जा रही थी तभी सामने की ओर से आ रहे बाइक चालक दीपक पाल निवासी टेड़ा मोहनपुरा बरौआ की ओर जा रहे थे तभी अनियंत्रित होकर महिला को टक्कर मार दी जिसकी वजह से दोनों घायल हो गए।जिसके बाद से घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने डायल 100 को कॉल कर सूचित किया।मौके पर पहुंचकर डायल 100 चालक अरविंद चौहान व होमगार्ड राममिलन यादव ने दोनों घायलो को दबोह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया और उनका उपचार कराया।फिलहाल तो पाचो देवी व दीपक पल को गम्भीर चोटे आई हैं जिसकी वजह से उन्हें दबोह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से मेडिकल ऑफिसर डॉ.निशांत यादव के द्वारा भिण्ड रैफर कर दिया गया है।

## नामांतरण के बदले 20,000 की रिश्वत ले रहा मौ तहसील का क्लर्क रंगे हाथों गिरफ्तार

**भिण्ड अर्पित गुप्ता पुष्पांजली टुडे**

लोकायुक्त ग्वालियर की टीम ने नामांतरण कराने की एवज में 20,000 रुपये की रिश्वत मांग रहे भिंड जिले की मौ तहसील के एक क्लर्क को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। क्लर्क इलाज कराने ग्वालियर आया था। लोकायुक्त इंस्पेक्टर आराधना डेविस ने बताया कि भिंड जिले की मौ तहसील में आवेदक हरी सिंह राणा ने पिताजी की मृत्यु के बाद जमीन नामांतरण का आवेदन दिया था।वहां पदस्थ क्लर्क श्रीकृष्ण बोहरे इसके लिए रिश्वत की मांग कर रहा था। मामला 20,000 रुपये में तय हुआ। रिश्वत कल मंगलवार को देनी थी लेकिन श्रीकृष्ण का एक्सीडेंट हो गया तो कल रिश्वत की रकम नहीं दी जा सकी। वे इलाज के लिए ग्वालियर के एक निजी अस्पताल में आ गए यहाँ आकर उन्होंने हरी सिंह को पैसे लेकर आने के लिए कहा और जैसे ही हरीसिंह ने क्लर्क को पैसे दिए वहां पहले से ही तैयार आराधना डेविस साथी इंस्पेक्टर कवीन्द्र सिंह चौहान एवं ब्रजमोहन नरवरिया की टीम ने क्लर्क श्रीकृष्ण बोहरे को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

### दतिया पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौर ने प्रेस वार्ता में किया खुलासा

# बड़े शहरों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले शातिर अंतरराज्यीय चोर गिरफ्तार

**उप संपादक संदीप प्रधान की रिपोर्ट पुष्पांजली टुडे**





**दतिया।** शातिर अंतरराज्यीय चोर थाना बरौनी और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा गिरफ्तार चोरी गए ?2,50,000 /-बरामद विवाह समारोह को बनाता था टारगेट कानपुर ,लखनऊ, नागपुर, बनारस सहित कई बड़े शहरों में चोरी की घटनाओं को दिया था अंजाम पुलिस अधीक्षक श्री अमर सिंह राठौड़ द्वारा अपराध तथा अपराधियों की पता रस्सी हेतु लगातार अभियान का रूप देकर संपूर्ण जिले में कार्यवाही या कराई जा रही हैं इसी कड़ी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कमल मौर्य तथा एसडीओपी बरौनी उपेंद्र कुमार दीक्षित जी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बरौनी रविंद्र शर्मा तथा थाना प्रभारी जिगना वैभव गुप्ता की संयुक्त टीम द्वारा अंतर राज्य चोर विशांत सिसोदिया (सांसी) को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है विगत 14 .02.21 को थाना बरौनी में नारायणदास सुंदरानी पुत्र स्वर्गीय द्वारका प्रसाद सुंदरानी उम्र 60 साल निवासी गुरु नानक कॉलोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके लड़के सपन सुंदरानी की शादी कस्तूरी मैरिज गार्डन पटवारी फार्म हाउस दतिया से 13 फरवरी 2021 को थी शादी के खर्च हेतु उनके द्वारा पटवारी फार्म हाउस के कमरा नंबर 101 में एक हरे बैग के अंदर ?4,75,000 की राशि रखी थी रात्रि के समय कमरा नंबर 101 के पीछे की खिड़की का कांच तोड़कर बैग में रखे रुपए चुरा कर ले गया रिपोर्ट पर से थाना बरौनी में अज्ञात चोर के विरुद्ध अपराध क्रमांक 17/21 2021 धारा 457,380 ताहि का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । तथा अज्ञात चोरों के विरुद्ध ?10,000 का इनाम घोषित किया गया मामले की गंभीरता को देखते हुए श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अमनसिंह राठौड़ जी द्वारा थाना प्रभारी बड़वानी रविंद्र शर्मा तथा थाना प्रभारी जिगना वैभव गुप्ता के नेतृत्व मैं एक टीम का गठन कर अज्ञात चोरों की पता रस्सी के प्रयास प्रारंभ किए गए । वारदात के तरीके को समझकर पता सटीक मुखबिर सूचना व तकनीकी की मदद से कल दिनांक 02/03/21 को रेलवे स्टेशन से विशांत सिसोदिया पुत्र राजपाल सिसोदिया जाति सांसी उम्र 20 साल निवासी ग्राम कड़िया सांसी तहसील हुई पचौर जिला राजगढ़ को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल हुई । आरोपी विशांत सिसोदिया ने रुपए चोरी करने के पश्चात ग्राम कड़िया सांसी तहसील 5 चोर जिला राजगढ़ स्थित अपने घर में छुपा कर रखना स्वीकार किया जिस पर टीम रवाना कर पटवारी फार्म हाउस से चोरी गए रुपयों में से ?2,50,000 काले रंग का बैग बरामद किया गया आरोपी विगत 10 साल से बनारस, मेरठ ,लखनऊ ,कानपुर नागपुर जैसे बड़े शहरों में पर आता था चोरी कई बड़ी वारदातों को दिया अंजाम आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह विगत 10 साल से संपूर्ण भारत वर्ष में चोरियां करता आ रहा है मुख्यतः बड़े - बड़े शादी समारोह में रेकी करने के पश्चात कभी बेटर की ड्रेस में तो कभी सूट-बूट पहन कर शादी में सम्मिलित हो जाता है तथा मौका पाकर गहने तथा नगदी लेकर फरार हो जाता है आरोपी ने नवंबर 2000 में बनारस में गार्डन मॉल के पास जनवरी 2020 में कानपुर, मेरठ में बेगमपुर पुल के पास मैरिज गार्डन से, फरवरी 2020 में लखनऊ एयरपोर्ट के पास मैरिज गार्डन से, तथा फरवरी 2021 में नागपुर से लाखों रुपए की नगरी तथा गहनों की चोरी करना स्वीकार किया है । उक्त बदमाश की गिरफ्तारी में दतिया पुलिस को बड़ी सफलता हासिल हुई है बदमाश की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी बरौनी रविंद्र शर्मा थाना प्रभारी जगना वैभव गुप्ता स उ नि.महेश श्रीवास्तव,आर. 298 रविंद्र यादव, आर. 82 दिलीप प्रधा, आर. 618 पुष्पेंद्र सिंह, आरक्षक 291 पंकज उदैनिया, आर. 1015 राजीव दुबे ,आरक्षक चालक 299 शिवराम सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

## नवागत कलेक्टर ने रौन, लहार एवं आलमपुर क्षेत्र का किया भ्रमण



**पंकज त्रिपाठी दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड नवागत कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने आज लहार तहसील का भ्रमण कर जायजा लिया। इस अवसर पर एसडीएम लहार आरए प्रजापति सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। नवागत कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने सिविल अस्पताल लहार पहुंचकर 60 साल से अधिक आयु एवं 45 से 59 वर्ष तक के गंभीर बीमारी से ग्रसित व्यक्तियों को लगाई जा रही कोरोना वैक्सीन की व्यवस्था का जायजा लिया और उपस्थित बीएमओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर नवागत कलेक्टर ने अस्पताल की व्यवस्थाऐं देखी। नवागत कलेक्टर ने लहार क्षेत्र के एसडीएम कार्यालय, तहसील, जनपद कार्यालय का निरीक्षण किया। नवागत कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने रौन क्षेत्र के जनपद कार्यालय, तहसील, अस्पताल की व्यवस्थाऐं देखी एवं उन्होंने द्वितीय चरण में लगने वाली वैक्सीन की व्यवस्थाओं को देखा और बीएमओ रौन को दिशा निर्देश जारी किये। इसके साथ ही आलमपुर क्षेत्र के भ्रमण के दौरान नवागत कलेक्टर ने आलमपुर में मल्हाराव होल्कर की ऐतिहासिक छत्री को भी देखा।

## वन स्टॉप सेन्टर में परामर्श कक्ष का हुआ उद्घाटन

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ दैनिक पुष्पांजली टुडे**



इंदौरमहिला बाल विकास के मुरायी मोहल्ला छावनी स्थित वन स्टॉप सेंटर (सखी) में बुधवार को संयुक्त संचालक डॉ. संध्या व्यास के मुख्य आतिथ्य, डीपीओ डॉ. सी.एल. पासी एवं उप संचालक महिला बाल विकास श्री रजनीश सिन्हा के विशिष्ट आतिथ्य में नव निर्मित परामर्श कक्ष का उद्घाटन किया गयाबताया गया कि इंदौर महानगर होने से वन स्टॉप सेन्टर में प्रकरणों की संख्या ज्यादा होती है, जिसे देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा परामर्श कक्ष का सुझाव दिया गया था। इस अवसर पर सुश्री शुभांगी मजूमदार, श्रीमती संगीता विजयवर्गीय, श्री संजय गायकवाड़, श्री सतीश गंगराड़े, सुश्री वंदना दीक्षित, डॉ. वंचना सिंह परिहार एवं कार्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## गैस डीजल एवं पेट्रोल के बढ़ती कीमतों को लेकर इन एस यू आई ने किया धरना प्रदर्शन

**बृजपाल सिंह गुर्जर पुष्पांजली टुडे मेहगांव**

मेहगांव मेहगांव आज दिनांक 2 मार्च को डीज़ल पेट्रोल एवं गैस की कीमतों में लगातार बृध्दि होने के कारण एवं भाजपा की तानाशाह सरकार के खिलाफ एनएसयूआइ विधानसभा अध्यक्ष अंकित तोमर के नेतृत्व मैं सेक्रो कार्यकर्ता के द्वारा पेदल मार्च निकाला गया । अंकित तोमर ने कहा की भाजपा सरकार से किसान हो या युवा सभी लोग परेशान है आगे आने वाले चुनाव मैं भाजपा को मुंह तोड़ जवाब देंगे, जिसमे मुख्य रूप से उपस्थित रहे हरिओम भदौरिया , जबरसिंह कुशवाह,विकाश चौधरी,मनीष शिवहरे, विशाल तिवारी, पवन,चौधरी, शिवम कुशवाह, अजीत, प्रधुमन,बदनसिंह, शिवम, शनि, अभिषेक, राजीव, कमलेश, विवेक, अंशुल,अमन, श्यामू, बसंती गुर्जर, कृष्णा, मनीष, अभय, गोलू,अन्य कांग्रेस ओर एनएसयूआइ पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित हुए



### ब्लॉक के सभागार में राज्य महिला आयोग की सदस्य कंचन बाला जायसवाल ने

# महिला जागरूकता एवं जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत चौपाल लगाई

**पुष्पांजली टुडे मऊरानीपु झांसी**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ सरकार द्वारा महिलाओं के हित में जारी योजनाओं को हर गाँव के आखरी छोर के पात्र तक पहुचाने एवं उसका लाभ उठाने के लिये आज खण्ड ब्लॉक के सभागार में राज्य महिला आयोग की सदस्य सुश्री कंचन बाला जायसवाल ने महिला जागरूकता एवं जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत चौपाल लगाई। जिसमे ग्रामीण महिलाओं को योजनाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराते हुये मौजूद सम्बन्धित विभागों के प्रतिनिधियों से आकंड़े बार ब्यौरा तलब किया।इस मौके पर दो अधिकारियों की गैर मौजूदगी के चलते उनके नाम मोके पर ही कारण बताओ नोटिस जारी करने के आदेश दिए। तय समय से दो घण्टे देर 12 बजे मऊरानीपुर के खण्ड ब्लॉक सभागार पहुंची कंचनबाला जायसवाल ने सबसे पहले माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यापर्ण कर दीप प्रज्वलन किया इस मौके पर अपर नगर मजिस्ट्रेट श्री मति वान्या सिंह, तहसीलदार सुश्री बन्दना कुशवाह, खण्ड विकास अधिकारी प्रतिभा शाल्या ने बुके भेंट कर मुख्य अतिथि कंचन जायसवाल का सम्मान किया इसके तुरंत बाद माइक सम्हालते हुये कंचन जायसवाल ने बताया कि ग्रामीण स्तर पर पहली बार यह कार्यक्रम आयोजित किये गए है इसके पीछे मुख्य उद्देश्य बताया कि उच्च स्तर पर सरकारों द्वारा जारी योजनाएं ग्रामीण स्तर के हर रूट तक पहुंच पा रही है या नही।सबसे ज्यादा फोकस महिलाओ के उत्पीड़न न होने देने व शिकायत मिलने पर सम्बन्धित विभाग द्वारा त्वरित कार्यवाही करने,हर हाल में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अलावा गर्भवती महिलाओं के लिंग परीछन पर सख्ती से रोकथाम,,जन संख्या में लड़कियों का अनुपात बढ़ाने लड़कियों एवं महिलाओ के स्वास्थ,सुरच्छा सम्मान की रच्छा के लिए भाजपा की मोदी और योगी सरकार की पहल से अवगत कराते हुए बताया की महिला अब अबला नही रही बल्कि वह सबला हो गई है उसे भाजपा की सरकारों ने विभिन्न योजनाओं के माध्यम से इतना शसक्त बना दिया है कि वह अपने हक के लिए लड़ सके।कार्यक्रम का संचालन कर रहे जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्द लाल सिंह ने सभागार में मौजूद महिलाओ को सम्बोधित करते हुए बताया कि लड़कियों एवं महिलाओं के सभी प्रकार के उत्पीड़न रोकने एवं उनके आर्थिक विकास को मजबूत करने एवं आदमियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर बराबरी करने के लिए मोदी और योगी सरकार बेहद सख्त रवैया अपनाए हुये उनके लिए तमाम योजनाएं चला रही है। महिलाओ के लिए एक जनपद एक उत्पाद योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना,मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना,मुद्रा योजना,स्टैंड अप इंडिया योजना,विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना सुछ्म लघु उधम विभाग द्वारा चल रही है।महिलाओ से सम्बंधित कानून योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना,नारी सुरच्छा,नारी सम्मान,नारी स्वालम्बन के तहत मुख्यमंत्री मिशन शक्ति योजना चलाई जा रही है।महिलाओ के स्वास्थ पर खास ध्यान देने के लिए स्वास्थ्य विभाग केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा करीब 44 योजनाएं चलाई जा रही है।साथ ही विभिन्न हेल्प लाइन नम्बर भी बताए गए इस दौरान मुख्य अतिथि डॉ कंचन जायसवाल ने मौके पर ही उन महिलाओं से हाथ उठवाये जो उत्पीड़न की शिकार थी लेकिन उनकी शिकायत सम्बन्धित विभाग द्वारा नही सुनी गई इस मौके पर 6 प्राथना पत्र आये जिनके त्वरित निस्तारण के आदेश भी दिए।ग्राम मथनियाँ से आई छात्रा कुमारी गायत्री ने मैडम से रूबरू होकर मांग की कि हम सभी छात्राओं के अविभावक ग्रामीण छेत्र से होने के कारण कानून के बारे में अशिछित है अतः हर स्कूल में कानून सम्बन्धी एक विषय आवश्यक रूप से हर छात्रा को पढ़ाया जाए जिससे वह अपनी शक्ति पहचान सके।

## नवागत कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने किया पदभार ग्रहण

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** राज्य शासन द्वारा भिण्ड जिले में नए पदस्थ गए भारतीय प्रशासनिक सेवा2013बैच के अधिकारी डॉ सतीश कुमार एस ने भिण्ड जिला कलेक्टर का कार्यभार ग्रहण किया। नवागत कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे से कलेक्टर भिण्ड का चार्ज प्राप्त किया।नवागत कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस राज्य शासन द्वारा संचालक लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग भोपाल से स्थानांतरित कर भिण्ड जिले के नये कलेक्टर पदस्थ किए गए हैं।इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, एसडीएम भिण्ड- अटेर उदयसिंह सिकरवार, जिला जनसंपर्क विभाग सहायक संचालक अरुण शर्मा के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे जिला कलेक्ट्रेट परिसर स्थिति कार्यालयों का किया निरीक्षण नवागत कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने आज कलेक्टर पद का पदभार ग्रहण करने के उपरांत संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम भिण्ड-अटेर उदयसिंह सिकरवार, डिप्टी कलेक्टर विजय राय, सहायक संचालक जनसंपर्क अरूण शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।नवागत कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित कलेक्टर रीडर शाखा, एडीएम कक्ष, एनआईसी, अधीक्षक हॉल, लोकसेवा कार्यालय, एसडीएम कार्यालय, योजना मण्डल, जनसंपर्क, पेंशन कार्यालय, महिला बाल विकास परियोजना शहरी, जिला कोषालय, जिला निर्वाचन कार्यालय, जिला आपूर्ति कार्यालय, जिला शिक्षा केन्द्र, जिला महिला एवं बाल विकास, मीटिंग हॉल, बीसी रूम, भू-अभिलेख कार्यालय, उप संचालक पंचायत, आयुष, तहसील कार्यालय, लोक सेवा केन्द्र ग्रामीण, खनिज विभाग, आदिम जाति कार्यालय आदि कार्यालयों का निरीक्षण किया



## महिलाओं ने किया एसडीएम कार्यालय पर धरना प्रदर्शन

**गोहद (महेंद्र शर्मा) पुष्पांजली टुडे**

गोहद गुड्डी बाई मां व पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष गोहद से प्राप्त जानकारी के अनुसार गोहद में व्याप्त भीषण पेयजल संकट के अलावा आवासों का लाभ देने खराब हैंडपंप ठीक करने संनिर्माण कर्मकार कार्ड बनाए जाने सामाजिक सुरक्षा पेंशन का नियमित भुगतान करने शहर में स्ट्रीट लाइट लगाने कामगार महिलाओं को उनकी योजनाओं का लाभ देने सहित पेट्रोल डीजल रसोई गैसकी मूल्यवृद्धि कम करने विद्युत बिलों में आंकलित खपत बंद करने सहित नगर पालिका में चल रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिए जाने की मांगों को लेकर आज मंगलवार को जनवादी महिला समिति के बैनर तले सैकड़ों महिलाओं ने गोहद एसडीएम कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया इसकी अगुवाई पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष गुड्डी बाई माहौर महिलासमिति राज्य सचिव प्रीति सिंह महिला समिति सचिव शोभा माहौर त्रिवेणी कुशवाहा बादामीबाई अनीता गोस्वामी ने किया इस मौके पर प्रदर्शनकारियों को महिला समिति राज्य सचिव प्रीति सिंह ने



संबोधित किया और प्रशासन को आगाह किया कि पेयजल संकट का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को तेज किया जाएगा प्रदर्शनकारियों को महिला समिति गोहद की सचिव शोभा माहौर ने भी संबोधित किया गुड्डी बाई माहौर त्रिवेणी कुशवाहा अनीता गोस्वामी ने बीजेपी सरकार को जिम्मेदार ठहराया और उनके व्दारा शासन प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई उपस्थित महिलाओं की भीड़ को पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष प्रेम नारायण माहौर किसान नेता राजेश शर्मा वीरेंद्र कुशवाहा राजेंद्र कुशवाह ने भी संबोधित किया उसके बाद रैली के रूप में एसडीएम कार्यालय पहुंचे जहां मौके पर सीएमओ बुलाया गया तदुपरांत एसडीएम को ज्ञापन दिया गया इस मौके पर नौजवान सभा महासचिव भूपेंद्र सिंह गुर्जर सीटू के रशीद खान रणवीर कुशवाहा नारायण शर्मा मुन्ना लाल कुशवाहा के अलावा भारी संख्या में महिलाओं की भीड़ उपस्थित थी प्रदर्शनकारी महिलाओं ने चेतावनी देते हुए कहा है कि समय रहते समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो अब की बार फिर की भारी संख्या में महिलाओं को एकत्रित कर जोरदार आंदोलन किया जावेगा जिसमें संपूर्ण जिम्मेदारी

# मां बराही देवी गेंथरी पर कबड्डी टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ

## वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक चौधरी ने किया फीता काटकर टूर्नामेंट का शुभारंभ

**दबोह(अर्पित गुप्त) पुष्पांजली टुडे**

माँ जगतजननी के आशीर्वाद से जय मां बाराही देवी कबड्डी टूर्नामेंट का शुभारंभ ग्राम गैंथरी में हुआ।जिसके शुभारंभ वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक चौधरी के द्वारा फीता काटकर किया गया।तदोपरांत उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टूर्नामेंट को शुरुआत की स्तिथि में पहुंचाया। इन दौरान उन्होंने खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र में युवाओ का लगातार जोश देखने को मिल रहा है।ऐसे आयोजन युवाओ में एक अलग ही ऊर्जा लाते है इसलिए ऐसे



आयोजन सदैव होते रहना चाहिए।उन्होंने कहा कि वह खेल के प्रति युवाओ के हौशलो को कभी गिरने नही देंगें।यहां बताना मुनासिब होगा कि इस कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन माँ बाराही देवी कब्ड्डी टूर्नामेंट समिति के द्वारा 02 मार्च से 05 मार्च तक किया जा रहा है। मैच रैफरी के रूप में लोकेन्द्र सिंह कौरव(नेशनल खिलाड़ी),आयुष उपाध्याय(नेशनल खिलाड़ी),कोमेन्टरर के रूप में आदित्य उपाध्याय,सत्य पाल कौरव,सुमन्त कौरव मौजूद रहे।साथ ही टूर्नामेंट में मंच का सफल संचालन संजय पटेल,भानु कौरव व धर्मेंद्र कौरव के द्वारा किया गया। मां बाराही देवी कबड्डी टूर्नामेंट की समिति में अध्यक्ष कुलदीप सिंह कौरव(बंटी),उपाध्यक्ष राजवीर सिंह कौरव(रामू),कोषाध्यक्ष सुनील उपाध्याय(आचार्य जी),सचिव हरिशंकर कौरव(दाऊ)व सहसचिव हरिमोहन कौरव आदि लोग शामिल है।कार्यक्रम की सम्पूर्ण जानकारी समिति उपाध्यक्ष राजवीर सिंह कौरव(रामू)के द्वारा दी गई।

## कोविड-19 वैक्सीनेशन टीकाकरण किया

**पुष्पांजली टुडे नेनाराम सिरवी**



राजस्थान पाली जिले के पाली पंचायत समिति के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खेरवा। लांबिया सहित सीएससी सेंटर पर कोविड-19 वैक्सीनेशन टीकाकरण किया गया। राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खेरवा के अंतर्गत 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की टीकाकरण को लेकर प्रथम चरण के दौरान प्रथम डोज का टीकाकरण किया गया। खेरवा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉ सुरेश चौधरी एएनएम गायत्री व्यास सहित चिकित्सा विभाग के कार्मिकों की उपस्थिति में डोर टू डोर प्रथम चरण के टीकाकरण के दौरान प्रथम डोज का टीकाकरण 50 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को टीका लगाया गया। इस दौरान खेरवा सरपंच प्रतिनिधि भारत सिंह राणावत सहित वरिष्ठ समाजसेवी एवं भामाशाह टीकाकरण के दौरान उपस्थित रहे।

### मिहोना थाना पुलिस की स्मेक माफियाओं पर धमाकेदार कार्यवाही

# तीन लाख की स्मैक सहित युवक गिरफ़्तार थाना प्रभारी मिहोना संजय सोनी की कार्यवाही



**लहार(अर्पित गुप्ता) पुष्पांजली टुडे**

भिंड पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह के निर्देशन में एवं अतरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव कंचन व एस.डी.ओ.पी लहार अवनीश बंसल के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे मादक पदार्थ की धर पकड़ अभियान के तहत मिहोना थाना प्रभारी संजय सोनी ने स्मेक माफियाओं पर एक धमाकेदार कार्यबाही को अंजाम दिया है थाना प्रभारी संजय सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि स्मेक लिए एक तस्कर तस्करी करने के लिए चरखटा की पुलिया के पास खड़ा है पुख्ता जानकारी मिलते ही एक टीम गठित कर आरोपी को चरखटा की पुलिया पर ही घेर लिया पुलिस को देख आरोपी ने भागने की कोशिश की पर नाकामयाब रहा पुलिस टीम ने आरोपी को धर दबोचा पकड़े गए आरोपी से जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 3 लाख क़ीमत की 30 ग्राम स्मेक बरामद हुई । आरोपी से पूछ ताछ की गई तो पूंछतांछ में उसने अपना नाम मनीष राजावत पुत्र गजराज सिंह राजावत 30 वर्ष निवासी ग्राम कमसेरा ज़िला जालौन बताया आरोपी ने पूछ ताछ में पुलिस को बताया कि मुझे आदिल खां पुत्र हमीद खां निवासी मिहोना द्वारा स्मेक उपलब्ध कराई गई व आदिल ने कहा था कि यह स्मेक मिहोना भेजनी है मेरा एक आदमी आएगा उसे दे देना इससे पहले कि कोई आता मुझे पुलिस ने पकड़ लिया । पुलिस आदिल खां पुत्र हमीद खां की तलाश कर रही है थाना प्रभारी मिहोना संजय सोनी की टीम में उप निरीक्षक सतेंद्र सिंह , ए.एस.आई देवेंद्र सिंह जादोन ,आर.बीरेंद्र शर्मा, मुकेश सिंह ,मदनमोहन शर्मा, शेर सिंह आदि की सराहनीय भूमिका रही ।

## उप सरपंच के उपचुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए

**पुष्पांजली टुडे रानी पाली नेनाराम सीरवी।**



मारवड उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत हिंगोला ग्राम पंचायत के अंतर्गत उप सरपंच के उपचुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए। सरपंच गोविंद राम गोयल द्वारा बताया गया कि मारवाड़ उपखंड क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत हिंगोला स्थित ग्राम पंचायत मुख्यालय पर उपसरपंच के उपचुनाव के लिए वार्ड पंचों द्वारा मत डाले गए। उपसरपंच मुरली मनोहर वैष्णव घोषित हुए।। इस दौरान उपसरपंच का पंचायत कार्मिक एवं सर स्वागत किया गय।

# नरेंद्र मोदी और उनकी पार्टी पूरे देश को बेचने में लगी हुई है : यादव

**पुष्पांजली टुडे गोहद भिण्ड**

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत गोहद नया बस स्टैंड पर अंबेडकर पार्क के सामने भारत की जनवादी नौजवान सभा के बैनर तले दोपहर 12:00 बजे से युवा सम्मेलन आयोजित किया गया इस युवा सम्मेलन को मुख्य रूप से डी वाई फाई के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि देश की जनता की खून पसीने की कमाई से हमारे देश में सरकारी संपत्ति बैंक बीमा रेलवे कोयला हवाई सेना स्कूल अस्पताल तमाम सरकारी महकमे को खड़ा किया गया इन सरकारी महकमों देश के नौजवानों की सरकारी नौकरियां मिली लेकिन वर्तमान में केंद्र की सत्ता में बैठी मोदी सरकार निजी करण के नाम पर देसी विदेशी पूंजीपतियों को औने पौने दामों में बेचने में लगी हुई है श्री यादव ने कहा कि जब सरकारी संपत्ति ही नहीं बचेगी तब सरकारी नौकरियां मात्र सपना बनकर रह जाएंगे वर्तमान सरकार छात्र नौजवानों के सपनों को चकनाचूर करने में लगी हुई है युवा नेता ने कहा कि गोहद शहर में पीने के पानी के लिए त्राहि-त्राहि मची हुई है तो दूसरी तरफ नहर में पानी न



आने की वजह से फसलें सूख रही है सरकार और उसका प्रशासन कुंभकरण की निकला में सो रहा है साडे 3 महीने से किसानों का शांत पूरी तरीके से आंदोलन चल रहा है लेकिन मोदी सरकार और भाजपा के लोगों ने तीनों कृषि कानून वापस न लेकर आंदोलन कर रहे किसानों पर हमले करवाए युवा सम्मेलन का उद्घाटन डी वाई फाई के पूर्व राज्य सचिव राजेश शर्मा ने किया सम्मेलन को छात्र नेता आकांक्षा धाकड़ डी वाई एफ आई के केंद्र कमेटी के सदस्य अनिल धनेरिया डी वाई एफ आई के राज्य महासचिव भूपेन सिंह गुर्जर ने संबोधित किया सम्मेलन में अखिल भारतीय किसान सभा के जिला सचिव वीरेंद्र सिंह कुशवाह अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की नेता श्रीमती शोभा माहोर सीटू के नेता रशीद खान ने शुभकामनाएं देते हुए संबोधित किया सम्मेलन के समापन पर किसान आंदोलन में शहीद किसानों को 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई सम्मेलन की अध्यक्षता श्रीमती लक्ष्मी प्रजापति और नफीसा बेगम रामसेवक बाबा फरमान खान ने की कार्यक्रम का संचालन अरशद खान ने किया सम्मेलन के समापन के बाद जुलूस के रूप में शहर के प्रमुख मार्गो से होती हुई युवा महिलाएं बहुत नगरपालिका कार्यालय पर पहुंचे जहां पर नगर पालिका की तालाबंदी की गई और सभा में तब्दील हो गया वहीं नगर पालिका सीएमओ को पेयजल सहित तमाम समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा इस मौके पर मौजूद सैकड़ों कार्यकर्ताओं प्रतिज्ञा ली घर घर से एक एक गिलास पानी मांगा जाएगा और नगर पालिका प्रशासन को पानी पिलाया जाएगा नगर पालिका प्रशासन जनता को पानी नहीं पिला सकता तो जनता की उदारता प्रशासन के सामने रखी जाएगी इस मौके पर उपस्थित साबिर खान कमलेश प्रजापति साबिर खान राहुल प्रजापति असलम खान गुलजार खान मोहम्मद सौरव गुर्जर आदर्श गुर्जर रणवीर कुशवाहा हरिशंकर माहौर रवि राठौर मुजीब उर रहमान सानिया खान अमित मुरारीलाल आदिवासी राजेंद्र सिंह कुशवाहा गौरव गुर्जर लक्ष्मी बाई त्रिवेणी भाई ऐसा खान मोहम्मद आस मोहम्मद खान इत्यादि।



## श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ में भगवान श्री राम और श्री कृष्ण के जन्मोत्सव में झूम कर नाचे भक्त

**दबोह(अर्पित गुप्ता) पुष्पांजली टुडे**

दबोह क्षेत्र के मुरावली में श्री नारसिंह सरकार धाम में चल रही श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान की चौथे दिवस पर भागवताचार्य पंडित श्री रजनीकांत शास्त्री जी ने बताया कि पृथ्वी पर जब-जब अधर्म अत्याचार बढ़ जाता है तब पापियों का विनाश करने के लिए प्रभु अवतरित होते हैं उन्होंने राम जन्म कथा का वर्णन करते हुए कहा एक बार भूपति मन माही, भयो गिलानि मोरि सुत नाही तब अपनी व्यथा गुरु को सुनाई तब राजा दशरथ के दुख को गुरुदेव ने दूर किया और पुत्रेष्टि यज्ञ कराया जिससे उनके घर चार पुत्रों ने जन्म लिया राम,लक्ष्मण,भरत, शत्रुघ्न एवं गुरुकुल में शिक्षा दीक्षा कराई उसके बाद उन्होंने दुष्टों का संहार किया और ऋषि-मुनियों को उन से मुक्त कराया। भगवान श्री कृष्ण के जन्म का वर्णन करते हुए सभी भक्तजनों को सुंदर कथाओं का वर्णन करते हुए बताया कि जब कंस को मालूम हुआ कि उसकी बहन के गर्भ से जो पुत्र जन्म लेगा उसे उसकी मृत्यु निश्चित है तो उसने अपने बहिन को कारागार में डाल देता है मगर उस ईश्वर की कला ही निराली है रात्रि में ताले टूट जाते हैं पहरेदार सो जाते हैं तब वासुदेव नदी उस पार पुत्र को ले जाकर यशोदा के यहां पर छोड़ कर आते हैं और उधर से पुत्री को लेकर आते हैं जब सुबह होते ही कंस को मालूम चलता है कि पुत्र ने जन्म ले लिया है तो वासुदेव को दंड देने लगता है और उसे भय सताने लगता है और जिस कन्या को मारना चाहता तो कन्या हाथ से छूटकर आकाश मैं पहुंच जाती है तब आकाशवाणी होती कि तू जिसे मारना चाहता है उसने पहले ही जन्म ले लिया है मारने वाले से बचाने वाला बड़ा होता है। उन्होंने कहा कि सच्चे मन से जो प्रभु भक्ति करता है उसे भगवान दर्शन अवश्य देते है निस्वार्थ भाव से की गई भक्ति व्यर्थ नहीं जाती।।इस दौरान भाजपा नेता योगेंद्र सिंह पप्पू भी कथा का श्रवण करने पहुंचे।

### नवागत कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस न वैक्सीन के प्लान तैयार करने संबंधी बैठक ली

# 60साल से अधिक के आमजन लगवाये कोविड 19 वैक्सीनेशन



**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड। नवागत कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने आज जिला चिकित्सालय में द्वितीय चरण में लगाए जाने वाली वैक्सीन के प्लान तैयार करने संबंधी बैठक ली। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री आईएस ठाकुर, एसडीएम भिण्ड-अटेर श्री उदयसिंह सिकरवार, लहार श्री आरए प्रजापति, मेहगांव श्री एमके बरौले, गोहद श्री शुभम शर्मा, सीएमएचओ डॉ अजीत मिश्रा, सिविल सर्जन डॉ अनिल गोयल के अलावा बीएमओ, विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे। प्रदेश में कोविड-19 टीकाकरण अभियान का द्वितीय चरण दिनांक 01 मार्च 2021 से प्रारंभ हो चुका है। सीएमएचओ भिण्ड डॉ अजीत मिश्रा द्वारा बताया गया कोविड टीकाकरण के द्वितीय चरण में 60 साल से अधिक उम्र के हितग्राही पात्र होंगे एवं 45 से 59 साल के ऐसे हितग्राही जो गंभीर बीमारी (जैसे- हृदयरोग, डायबीटिज, ब्लडप्रेशर, लकवा, किडनी, लीवर एवं कैंसर की बीमारी आदि) से ग्रसित हो उन सभी को जिला चिकित्सालय भिण्ड के साथ अब सिविल अस्पताल लहार सहित सीएचसी अटेर, फूफ, मेहगांव, गोहद, रौन में निःशुल्क कोविड-19 का टीका लगाया जायेगा। जिला भिण्ड की आमजनता से जिला प्रशासन अपील करता है कि पात्र हितग्राही अपना पहचान पत्र (आधार कार्ड, वोटरकार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, पेनकार्ड एन0पी0आर स्मार्ट कार्ड, पॅशन डोक्यूमेंट फोटो के साथ एवं पासपोर्ट) अनिवार्य रूप से साथ लेकर आयें। उन सभी हितग्राहियों के रजिस्ट्रेशन एवं टीकाकरण निःशुल्क वैक्सीनेशन सेंटर पर ही किये जायेंगे।



## टैक्टर चालक ने मारी बाईक सवार में टक्कर

**अरुण शुकला पुष्पांजली टुडे भिंड**


गोहद, से 6 किलोमीटर दूर माता माता का पुरा गांव के रहने वाले दो दोस्त अब बृजेश और इंदल अपने साथी मित्र सीताराम को लेने के लिए गोहद जा रहे थे परंतु सामने से अज्ञात ट्रैक्टर चालक ने इनकी निधि मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिस कारण बृजेश और इंदल को गंभीर चोटें आई तथा दोनों के जान की हड्डियां टूट गई मौका देखकर ट्रैक्टर चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को शीघ्र अति शीघ्र समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहुत पहुंचाया गया जहां मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर अनिल मौर्य ने गोहद चौराहा थाना थाना 108 इमरजेंसी एंबुलेंस को सूचना देकर ग्वालियर के लिए रेफर किया पायलट मुरारी लाल गोस्वामी ने बिना देरी किए शीघ्र अपने ईएमटी के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और घायलों को लेकर शीघ्र ग्वालियर जय रोग अस्पताल में भर्ती करवाया

## बघेल समाज द्वारा जयोतिरादित्य सिंधिया का पुतला फूंका



**पुष्पांजली टुडे**

एसडीएम के नोटिस मिलने के बाद भी किया गया ज्योतिरादित्य सिंधिया का पुतला दहन प्राप्त जानकारी के अनुसार गुना में भाजपा राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा न्यू टेकरी रोड अहिल्याबाई होलकर मार्ग का नाम बदल कर भाजपा के मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया के दादा सागर सिंह सिसोदिया मार्ग रख दिया गया इस बात को लेकर बघेल समाज मे काफी रोष है इसको लेकर होल्कर सेना के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी सुरेंद्र बघेल द्वारा गोहद गोलंबर तिराहे पर ज्योतिरादित्य सिंधिया का पुतला जलाया गया पुतला जलाते समय पुलिस द्वारा पुतला छुड़ाने की कोशिश की गई इस दौरान उन्होंने कहा की सिंधिया द्वारा देवी अहिल्याबाई होलकर का अपमान किया गया है समाज के लोगों ने काफी आक्रोश है भाजपा राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया को पूरे प्रदेश के लोगों से माफी मांगनी चाहिए और इसमें तुरंत सुधार करना चाहिए होल्कर सेना के राष्ट्रीय प्रभारी सुरेंद्र बघेल ने चेतावनी दी है अगर उनकी मांग पूरी नहीं हुई और जल्द इस फैसले को नहीं बदला गया तो सिंधिया निवास जय विलास पैलेस ग्वालियर पर बघेल समाज द्वारा धरना प्रदर्शन किया जाएगा पुतला दहन कार्यक्रम में होल्कर सेना के पदाधिकारी एवं ओबीसी युवा प्रदेश अध्यक्ष अमन श्रीवास, विष्णु बघेल, टिंकू बघेल, अजय पाल, सुनील श्रीवास, राहुल उपाध्याय, शाहरुख शाह, अवधेश बघेल, अरविंद बघेल बघेल समाज के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## पंजाब रोलर स्केटिंग मे प्रेक्षा सोंलकी करेंगी तमिलनाडु का प्रतिनिधित्व

**पुष्पांजली टुडे**

तमिलनाडु रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप 2021(तीसवाँ) 20 फरवरी से 27 फरवरी 2021 तक तमिलनाडु के कोयबतूर जिले आयोजित की गई , जिसमे 7-9 उम्र के ग्रुप मे चैन्नई की प्रेक्षा सोलंकी सीरवी रही विजेता। प्रेक्षा सोलंकी रिंक 4 एक लैप रेस में उसने स्वर्ण पदक जीता, रिंक 5, 500 मीटर रेस में उसने रजत जीता, अच्छी सफलता प्राप्त कर अब प्रेक्षा सीरवी राष्ट्रीय लेवल के लिए चुना गया जो 31मार्च से 3 अप्रैल 2021 तक पंजाब में आयोजित किया जाएगा। प्रेक्षा सीरवी की सफलता ने सीरवी समाज को गौरवान्वित किया है और हमारे समाज के युवाओं के लिए यह वास्तव में एक प्रेरणा स्त्रोत है।

# क्षेत्रीय दौरे पर रहे कलेक्टर एसपी फंसे दबोह ट्रैफिक में



**दबोह(अर्पित गुप्ता) पुष्पांजली टुडे**

थाना दबोह पुलिस में उस समय हड़कम्प मच गया जब नवनियुक्त भिण्ड कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस,पुलिस अधीक्षक मनोज सिंह सहित एसडीएम लहार आर ए प्रजापति,लहार एसडीओपी अविनिश बंसल व अन्य अधिकारियों की गाड़ी थाना दबोह के पास लगे ट्रैफिक में फंसी रह गई जिसके चलते अधिकारियों को थोड़ा इंतेजार करना पड़ा जब हॉर्न लगाने के बाद भी लम्बा ट्रैफिक नही हटा तब जाकर पुलिस आरक्षकों ने आनन फानन में जल्दी जल्दी ट्रक व बस को हटवाया जिसके बाद सभी गाड़ियां निकल सकीं।सूत्रों की माने तो भिण्ड के नवनियुक्त कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस क्षेत्रीय दौरे पर थे जिसके चलते वह सबसे पहले रावतपुरा धाम पहुंचे फिर दबोह के रास्ते होते हुए वह आलमपुर की पहुंचे पहुंचे जहां पर पहुंचकर उन्होंने छत्री बाग का निरीक्षण किया तदोपरांत वह पुनः दबोह होते हुए लहार के लिए निकले थे जिस दौरान उनकी गाड़ियां दबोह थाने के पास ही फंसी रह गई थीं।

## लहार पुलिस ने तीन आरोपी दबोचे

**लहार।** पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह के निर्देशन में एबम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव कंचन एवम एस.डी.ओ.पी लहार अवनीश बंसल के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे धर पकड़ अभियान के तहत थाना प्रभारी लहार उपेंद्र छारी की अगुवाई में लहार थाना एस.आई आदिल खान ने चार माह से फरार धारा 307 के तीन आरोपियों को उनके ग्राम लालपुरा से गिरफ्तार किया 3 अक्टूबर 2020 को ग्राम लालपुरा में आटा चक्की पर फरियादी हीरापुरा निबासी को रंगबाजी के चलते गोली मार दी थी घटना के तुरन्त बाद एक आरोपी को पकड़कर जेल भेज दिया गया था एवम घटना में शामिल तीन आरोपियों को आज मुखबिर की सूचना से ग्राम लालपुरा से मय हथियार के दबोचा गया पकड़े गए आरोपियों ने पूंछतांछ में अपना नाम लल्ला राजपूत,लोकेंद्र राजपूत,लाखन राजपूत निबासी लालपुरा बताया आरोपी के खिलाफ लहार थाने के अपराध क्र.325/20 धारा 307,294,506,34 में धारा 299 जा.फो एवम धारा 25/27 आर्म्स एक्ट का इजाफा किया गया सभी आरोपियों को आज माननीय न्यायालय में पेश कर दाखिले हबालात किया गया।

# खुदरा व्यवसायियों का हित सर्वोपरि - संजीव गोयल

**पुष्पांजली टुडे गोहद**

स्वदेशी जागरण मंच इकाई जिला भिंड मध्यप्रदेश के तत्वाधान में कार्यकर्ता सम्मेलन एवं स्वदेशी प्रेरक सम्मान समारोह का आयोजन श्री हनुमान मंदिर गोहदी दरवाजा गोहद पर मंदिर सभागार में संपन्न हुआ आयोजन में मंच के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए स्वदेशी जागरण मंच मध्य भारत प्रांत के प्रचार प्रमुख संजीव गोयल द्वारा कार्यकर्ताओं के बीच अपनी बात रखते हुए कहा की जिस प्रकार वालमार्ट के चलते अमेरिका की पूंजीवादी व्यवस्था ध्वस्त हो गई उसी प्रकार जिओ मार्ट उपभोक्ताओं एवं खुदरा व्यापारियों की व्यवस्थाओं को चौपट कर देश में आर्थिक विपन्नता की स्थिति पैदा कर देगा बड़े पूंजीपति अपने निहित स्वार्थ के लिए सभी प्रकार के हितों पर कुठाराघात करने के लिए तैयार हैं ऐसे में समाज को जागृत करने का कार्य स्वदेशी जागरण मंच द्वारा किया जा रहा है 1992 में श्रद्धेय दत्तोपंत ठेंगड़ी द्वारा समाज हित आर्थिक समृद्धि और राष्ट्रपति के लिए स्वदेशी स्वावलंबन का नारा देकर स्वदेशी जागरण मंच की स्थापना की जो सार्वभौमिक स्वदेशी चेतना के माध्यम से राष्ट्रीय हित में कार्य करता है खुदरा व्यापारी किसान एवं नौजवानों के रोजगार सृजन के माध्यम से राष्ट्रीय समृद्धि का कार्य स्वदेशी जागरण मंच द्वारा किया जा रहा है कोरोना संकट में राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा यह सिद्ध कर दिया




है कि हम राष्ट्रहित में कार्य करते हैं वर्तमान का दौर आर्थिक चिंतन का दौरा है आर्थिक शूद्र अंता के माध्यम से हम राष्ट्र को विश्व समुदाय के मध्य श्रेष्ठता प्रदान कर सकते हैं इसके लिए हम स्वदेशी और स्वावलंबन के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत स्वाबलंबी जिला के आदर्श को लेकर कार्य कर रहे हैं आज समाज को नौकरियों के पीछे भागते हुए रोजगार सृजन करने की जरूरत है इसके लिए हमें बहुराष्ट्रीय कंपनियों के चिंतन को समझते हुए जागृति लानी होगी तभी हम व्यवसाय दृष्टि से सुरक्षित होकर राष्ट्र को श्रेष्ठ कर सकेंगे हमें घर-घर तक जन जन तक स्वदेशी स्वावलंबन का संदेश पहुंचाने की आवश्यकता है तभी हम हर क्षेत्र में सफल हो सकेंगे उन्होंने कहा की आज आर्थिक संघर्ष के साथ-साथ कृषक आंदोलन जैसी स्थिति बन रही है हमें इस बात को समझना है कि राष्ट्रीय नेतृत्व समाज हित में कार्य कर रहा है लेकिन एमएसपी और मंडी जैसे निर्णय में नेतृत्व को विचार करना चाहिए बड़ी-बड़ी कंपनियां यदि खुदरा व्यापार के क्षेत्र में पदार्पण करती हैं तो हम उनके विरोध में भी उतरने के लिए तैयार रहेंगे इसके लिए समाज को आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ने के लिए स्वदेशी स्वावलंबन और स्वाबलंबी जिला अभियान के लक्ष्य को पूरा करने के लिए जन जन तक जाना है स्वदेशी अपनाना है के नारे को पूर्ण करें कार्यक्रम में स्वदेशी जागरण मंच के विभाग संयोजक मुरैना आचार्य बृज मोहन शर्मा, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य महेंद्र शर्मा, ग्वालियर महानगर सह संयोजक अमृत राजे, जिला संयोजक संतोष राजोरिया, जिला सह संयोजक मनोज थापक, अरविंद शर्मा, राकेश गौड़, आशीष शर्मा, मयंक काकर, हरि ओम भटेले, मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, डॉक्टर आलोक शर्मा, नाथूराम अग्रवाल, कालीचरण शुक्ला, प्रमोद कामत, नगर के चिकित्सक समाजसेवी व्यवसाय एवं शिक्षाविद उपस्थित रहे।

## संपादकीए

### बंगाल में चुनौती

पिछले दिनों चुनाव आयोग ने देश के चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में चुनावों की घोषणा की, जो कोरोना काल में दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक प्रक्रिया होगी। इसमें लगभग 18 करोड़ मतदाता 824 सीटों के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। यह हमारी समृद्ध सामाजिक विविधता का ही परिचायक है कि एक साथ बांग्ला, असमिया, तमिल और मलयाली भाषा बोलने वाले लोग विवेक से सरकारें बहाल करेंगे। सबसे लंबी चुनावी प्रक्रिया पश्चिम बंगाल में होगी, जहां 294 सीटों के लिए आठ चरणों में चुनाव होंगे। सबसे बड़ा चुनावी दंगल भी पश्चिम बंगाल में ही देखने को मिलेगा। तीन दशकों से भी ज्यादा समय से राज्य की सत्ता पर काबिज वाम मोर्चे को उखाड़ फेंकने वाली और एक दशक से राज्य की सत्ता पर काबिज ममता दीदी के समक्ष इस बार सत्ता बचाने की सबसे बड़ी चुनौती है क्योंकि उनकी टक्कर भाजपा से है भले ही अभी राज्य में भाजपा के तीन विधायक ही हैं, मगर ममता दीदी के शासन में ही भाजपा ने राज्य में मजबूत पकड़ बना ली है। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 42 में से 18 सीटों पर कब्जा जमाकर सबको हैरान कर दिया था। जबकि इस बार विधानसभा चुनाव से पहले वह तृणमूल के कुछ बड़े नेताओं को भी पाले में लाने में सफल रही है। यही कारण है कि मां, माटी, मानुष के नारे पर राजनीति करने वाली ममता को बंगाल की बेटी होने की दावेदारी पेश करनी पड़ी है। चुनावी बिसात पर एक ओर जमीन की बेटी और उनका क्षेत्रीय दल है, जो बांग्ला अस्मिता के जरिये अपनी लड़ाई जारी रखे हुए है, तो दूसरी तरफ भाजपा की पूरी राष्ट्रीय ताकत बंगाल का दुर्ग जीतने की कोशिश में लगी हुई है। पर भाजपा की मुश्किल यह है कि उसके पास ममता बनर्जी की टक्कर का कोई स्थानीय चेहरा नहीं है। ऐसे में, उसे सबको साथ लेकर चलना है, ताकि प्रधानमंत्री के नाम पर चुनाव लड़ा जाए और जीतने पर केंद्रीय नेतृत्व किसी को मुख्यमंत्री बना सके। लेकिन यह मॉडल बंगाल की राजनीति के लिए नया है, क्योंकि 1970 के दशक में कांग्रेसी मुख्यमंत्री सिद्धार्थ शंकर राय के बाद बंगाल ने ऐसी राजनीति नहीं देखी। ज्योति बसु बेशक कद्दावर कम्युनिस्ट नेता थे, मगर उनके व्यक्तित्व और राजनीतिक प्रबंधन में बंगाली नेता होने की बात सबसे प्रमुख थी। बहरहाल, अब यह देखना होगा कि ममता के खिलाफ सत्ता-विरोधी रुझान कितना है, और कांग्रेस व वाम मोर्चे की सीटों में कितने पर भाजपा सेंध लगा पाती है। स्थानीय मतदाता इस बार के चुनाव को ममता बनाम अमित शाह के रूप में देखते हैं। कुल मिलाकर, इस बार बंगाल की लड़ाई बेहद अहम होने वाली है। यहां के परिणाम ऐसा नेरेटिव तय करेंगे, जिससे आगे की लड़ाई का रास्ता तय होगा। अगर बंगाल में ममता वापसी करती हैं तो यह उनके लिए उपलब्धि के समान होगा और अगर बढ़ी हुई सीटों के साथ भाजपा विपक्ष में रहती है तो भी यह उसके लिए बड़ी जीत होगी।

# देश में कोरोना फिर सक्रिय

श्रीजेश कुमर

**देश में एक बार फिर से कोरोना के सक्रिय मामलों में तेजी आने लगी है। बीते सात दिनों से देश में कोरोना वायरस के एक्टिव केस में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। इससे कोरोना संक्रमण की रफ्तार तेज हुई है। इससे एक बार फिर से कोरोना से लोगों को डर लगने लगा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, देश में कोरोना वायरस के एक्टिव केस फिर से बढ़े हैं। इसके साथ ही बीते 24 घंटों में एक बार फिर से 14 हजार नए मामले सामने आए हैं।**

**सबसे ज्यादा महाराष्ट्र में अचानक कोरोना वायरस के मामलों में उछाल देखने को मिला है। इस वजह से महाराष्ट्र में एक बार फिर से लॉकडाउन की वापसी हुई है। बीते एक दिन में महाराष्ट्र में करीब सात हजार नए मामले सामने आए हैं, जिससे सरकार की चिंता बढ़ गई है। महाराष्ट्र में रविवार को कोरोना मामलों की संख्या 7,000 को छू गई और अकेले मुंबई में ये 1,000 के करीब पहुंच गई ।महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे जी ने कहा कि अगले आठ दिन तय करेंगे कि क्या राज्य में लॉकडाउन लगाना पड़ेगा। बढ़ते मामलों को देखते हुए राज्य के अमरावती जिले में एक हफ्ते के लिए लॉकडाउन लगा दिया गया है। पुणो में भी स्कूल, कॉलेज और**

दरअसल कोरोना वायरस के महाराष्ट्र में नए मामलों की तेजी से बढ़ती रफ्तार डराने वाले और निराश जनक हैं । जब सारे देश में पहले की तुलना में कोरोना संक्रमित लोगों के मामले घट रहे हैं, तब देश के अति महत्वपूर्ण राज्य महाराष्ट्र में तेजी से नए केस सामने आना गंभीर नकारात्मक संकेतों की तरफ इशारा कर रहा है । महाराष्ट्र सरकार के ढिलाई के चलते ही वहां पर कोरोना काबू में आने की बजाय तेजी से बढ़ रहा है ।राज्य सरकार की प्राथमिकताएं इस समय कोरोना पर केन्द्रित होनी चाहिए । महाराष्ट्र, केरल, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पंजाब में कोरोना के बढ़ते मामले यही कह रहे हैं कि लापरवाही महंगी पड़ सकती है। अब भी सावधान रहने की जरूरत इसलिए है, क्योंकि सार्वजनिक यातायात के साधन उपलब्ध होने के साथ ही अन्य पाबंदियों से मुक्ति मिल चुकी है। जब इतने समय तक मास्क लगाने और सार्वजनिक स्थलों में शारीरिक दूरी बरतने के प्रति सावधानी दिखाई गई है तो फिर कुछ और दिन ऐसा करने में हर्ज नहीं। इसकी अनदेखी न की जाए कि कोरोना का कहर कम होने




के बाद भी वह जानलेवा साबित हो रहा है और करीब सौ लोग प्रतिदिन अपनी जान गंवा रहे हैं। यदि हम महाराष्ट्र की राजधानी व देश की आर्थिक राजधानी मुंबई की बात करे तो कुछ चौकाने वाले आंकडे सामने आ सकते है ।मेरे कुछ मित्र हाल ही में मुंबई में किसी काम से गए थे ।उन्होंने बताया कि मुंबई में मास्क पहने हुए लोग गिनती के ही दिखाई देते हैं । जुहू बीच पर मस्ती के लिए आने वाले सैकड़ों लोग न तो सामाजिक दूरी बना के चल रहे थे और न ही मास्क पहने थे ।तक़रीबन ये ही स्थिति गेटवे ऑफ़ इंडिया में भी नजर आई । हां, दोनों जगहों पर शायद ही कुछ अपवाद मिले हो । अब बताइये कि किया क्या जाए? महाराष्ट्र सरकार को तुरंत युद्ध स्तर पर कदम उठाने होंगे ताकि राज्य को कोरोना के कहर से बचाया जा सके । सबसे चिंता की बात तो यह है कि ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि राज्य में कोरोना की एक बार फिर से नई लहर आने की आशंका है । राज्य में कोरोना वायरस से मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर 51,713 हो गई है ।जहां एक ओर देश की आर्थिक राजधानी में कोरोना के केस बढ़ते जा रहे हैं जबकि राजधानी दिल्ली में कोरोना के केस की संख्या लगातार कम हो रही है ।अब जब मुंबई में कोरोना की स्थिति खराब होने लगी तो सरकार ने नई गाइडलाइन जारी कर दी । इसके तहत किसी इमारत में 5 से ज्यादा केस मिलने पर उसे सील कर दिया जाएगा, मास्क न पहनने वालों पर होगी सख्ती । काश, राज्य सरकार ने ये सारे कदम वक्त रहते हुए ही उठा लिए होते क्यूकि महाराष्ट्र और उसकी राजधानी मुंबई का बिल्कुल स्वस्थ और सक्रिय होना और रहना देश के लिए बेहद जरूरी है ।इसी राज्य में देश की चोटी की कंपनियों के मुख्यालय स्थित हैं ।यहां पर बॉम्बे स्टाक एक्सचेंज हैं. फिल्म और शिपिंग उद्योग भी हैं । इतने महत्वपूर्ण राज्य का एक महामारी से निपट पाने में असफल रहना कोई अच्छी बात नहीं है । सारी दुनिया को पता है कि महाराष्ट्र भारत का शिखर औद्योगिक राज्य है । इसकी आर्थिक प्रगति ने देश की अर्थव्यवस्था को सदैव मजबूती प्रदान की है. नब्बे के दशक में शुरू हुए आर्थिक उदारीकरण का लाभ उठाते हुए महाराष्ट्र ने अपनी जीडीपी को मजबूत बनाया और वर्तमान में जीडीपी के हिसाब से महाराष्ट्र देश का सबसे अग्रणी राज्य है । महाराष्ट्र देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन रहा है । आज पाकिस्तान से बड़ी है महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था । महाराष्ट्र की जीडीपी का आकार पकिस्तान की जीडीपी से अधिक है ।

# बंगाली सँस्कृति एवं आध्यात्मिक चेतना के आदि पुरुष है राम

बंगाल सहित पूरी दुनियां के हिंदू अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण को लेकर एक आत्मगौरव के भाव से भरे हुए है।वैचारिक औऱ राजनीतिक सीमाओं को ध्वस्त कर लोग मंदिर निर्माण की इस ऐतिहासिक प्रक्रिया में सहभागिता सुनिश्चित कर रहे हैं। विश्व इतिहास के महापुरुष श्री राम के अस्तित्व को खंडित करती प्रस्थापनाएँ दफन होंने की कगार पर है लेकिन बंगाल में अलग ही दृश्य देखने को मिल रहे है बंगाली लोग जय श्रीराम का नारा लगाते है तो ममता बनर्जी अपना संतुलन खो देती है, उनकी पुलिस राम नाम अंकित मास्क बांटने पर बीजेपी कार्यकर्ताओं को उठाकर हवालात में पटक रही है। पश्चिम बंगाल में राम को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का रवैया उनकी सामयिक समझ को कटघरे में खड़ा करता हुआ प्रतीत होता है। कभी वामपंथ औऱ उसकी वैचारिकी को रौंद कर बंगाल की सत्ता में आई ममता बनर्जी ऐसा लगता है प्रभु राम को लेकर वामपंथी बौद्धिकता और क्षद्म सेक्युलरवाद के चंगुल में ही फंस चुकी हैं।तुष्टीकरण की शर्मनाक राजनीति से आगे बढ़कर ममता बनर्जी राम और बंगाल के रिश्ते पर जिस नई बहस को जन्म देना चाहती है वह एक खोखले धरातल पर आधारित है।राम को उत्तर भारत की आध्यात्मिक-सांस्कृतिक चेतना के साथ सीमित कर बंगाली लोकजीवन से अलग दिखाने का उनका प्रयास तथ्यों से अधिक तुष्टीकरण की उसी कवायद का संस्करण है जिसे 2014 औऱ 2019 के जनादेश से भारत की जनता नकार चुकी है।असल में ममता बनर्जी औऱ उनकी सियासत आज सेक्युलरवाद की खारिज हो चुकी संसदीय राजनीति का बंगाली संस्करण बनकर रह गई है।जय श्रीराम के नारे पर उनकी उग्र प्रतिक्रिया का बंगाली समाज के लोकजीवन से बिल्कुल भी तादात्म्य नही है।किसी आम बंगाली से आप चर्चा कीजिये वह राम को लेकर उसी अधिकार और गौरवबोध का भान कराता है जैसा अवध या दण्डकारण्य का कोई हिन्दू।सवाल यह है कि क्या राम औऱ उनके साथ जुड़ी लोक संस्कृति से बंगाल वाकई पृथक है?जैसा कि ममता बनर्जी औऱ उनकी पार्टी दावा करती है कि बंगाली लोकजीवन% राम% नही% शाक्त %(यानी देवीशक्ति) का उपासक है औऱ भाजपा राम के सहारे बंगाल पर उत्तरभारतीय संस्कृति को थोपना चाहती है।इस सवाल के आलोक में हमें बंगाली लोकचेतना में राम की व्याप्ति तलाशने से पूर्व उस मानसिकता को भी समझने की आवश्यकता है जो सनातन हिन्दू धर्म की विविधताओं को वर्गीय भेद बताकर बदनाम करने में लंबे समय तक सफल रही है। एकेश्वरवाद के अतिशय प्रभाव वाली बौद्धिक बिरादरी ने वैष्णव,शैव ,शाक्त के उपासकों को स्वतंत्र मत औऱ पारस्परिक शत्रु के रूप में स्थापित करने का काम किया है।कर्नाटक में लिंगायत समाज को अलग धर्म का दर्जा देनें के राजनीतिक षड्यंत्र को इसी नजरिये से समझने की आवश्यकता है जो अंततः हिन्दू पहचान को कमजोर करता है।कमोबेश सरना धर्म कोड या फिर वनवासियों में प्रकृति पूजा को हिन्दू परम्परा से पृथक साबित करना या नवबौद्ध भी इसी सुनियोजित बौद्धिक खुरापात का भाग है। अब %शाक्त% उपासकों के नाम पर बंगाल में राम को उत्तर भारतीय साबित करने के लिए जो राजनीति की जा रही है उसका मन्तव्य भी आसानी से समझा जा सकता है। बंगाल की आबादी में 30 प्रतिशत मुस्लिम है जो 90 विधानसभा क्षेत्रों में निर्णायक है।ममता बनर्जी यह अच्छी तरह से जानती है कि मुसलमानों ध्रुवीकरण राम नाम पर सरलता से किया जा सकता है। यहां का मौजूदा मिजाज देखकर स्पष्ट है कि जय श्रीराम को लेकर ममता बनर्जी बुनियादी राजनीतिक गलती कर बैठी हैं। वे बंगाली अस्मिता के नाम पर वैष्णव औऱ शाक्त धाराओं को वामपंथी विचारसरणी की तरह व्याख्यियत करने की कोशिश कर रही है जो अंततः बंगाली हिंदु समाज को एकीकृत करने का मजबूत आधार बनता जा रहा है। मूल प्रश्न क्या राम बंगाल में बाहरी है और भाजपा उन्हें थोप रही है?इसका प्रमाणिक उत्तर तो बंगाल का राममय लोक इतिहास स्वयं ही देता है। रामचरित्र को उत्तर भारतीयों के मध्य सुबोध बनाने का काम गोस्वामी तुलसीदास ने अपनी रचना %रामचरितमानस% के माध्यम से किया लेकिन बंगाल की लोकसंस्कृति में राम तो तुलसीकृत मानस से पहले ही अवस्थित थे।वह भी कालक्रम में तुलसी से पूरे 100 बर्ष पूर्व15 वी शताब्दी में।% कृत्तिवासी रामायण % की रचना एक ऐतिहासिक बंगाली काव्य है।बंगभाषा के आदिकवि सन्त कृत्तिवास ओझा ने बंगाली लोकजीवन को राममय बनाने के लिए बंगाली जुबान में बाल्मीकि रामायण को तुलसी से पूर्व ही उपलब्ध करा दिया था।ध्यान देनें वाली बात यह है कि सँस्कृत में लिखी %बाल्मीकि रामायण% का अन्य किसी भाषा में प्रथम भाव प्रणीत रूपांतरण बंग भाषा में ही हुआ है ,जो उत्तर भारतीय नही है।यानी सँस्कृत से हटकर अगर किसी जुबान में रामचरित्र की कहीं व्याप्ति सर्वप्रथम हुई है तो वह बंगाल की धरती ही है। इसलिए ममता बनर्जी औऱ उनकी पार्टी का यह दावा न इतिहास से मेल खाता है न ही बंगाली सँस्कृति औऱ साहित्य की प्रमाणिकता पर आधारित है।

## चिंतन मंथन

### विवेक ही धर्म है

युग के आदि में मनुष्य भी जंगली था। जब से मनुष्य ने विकास करना शुरू किया, उसकी आवश्यकताएं बढ़ गई। आवश्यकताओं की पूर्ति न होने से समस्या ने जन्म लिया।समस्या सामने आई तब समाधान की बात सोची गई। समाधान के स्तर दो थे- पदार्थ-जगत, मनो-जगत. प्रथम स्तर पर पदार्थ के सुनियोजित उत्पादन और उनकी व्यवस्था को आकार मिला। दूसरा स्तर मानसिक था। इस जगत की समस्याएं थी अपरिमार्जित वृत्तियां, असंतुलन और तनाव। इन समस्याओं को समाहित करने के लिए धर्म की खोज हुई। धर्म का अर्थ है पारंपरिक मूल्य-मानकों से परे हटकर मनुष्य को सत्य की दिशा में अग्रसर करना। जब तक धर्म अपने इस परिवेश में रहता है, तब तक वह रूढ़ नहीं हो सकता। पर उद्देश्य की विस्मृति के साथ ही उसमें रूढ़ता आ जाती ह। रूढ़ धर्म को व्यक्ति अपने जीवंत संदभरे से काटकर परलोक के साथ जोड़ देता है। बस यहीं से धर्म में विकृति का प्रवेश होने लगता है। मैं ऐसा सोचता हूं कि धर्म का संबंध हमारी हर सांस से होना चाहिए। ऐसा वे ही व्यक्ति कर सकते हैं जो अपने जीवन की सतह पर दौड़-धूप कर रहे हैं। या फिर यह उन लोगों का काम है जो जीवन की गहराइयों में उतरकर अध्यात्म के प्रति समर्पित हो जाते हैं। जीवन की सतह पर जीने वाले व्यक्ति धर्म की गहराई में नहीं उतर सकते, किंतु अध्यात्म के प्रयोक्ता की दृष्टि से वह गहराई छिपी नहीं रह सकती। जो व्यक्ति उतनी गहराई में उतरे, उन्हें धर्म की विकृतियों का बोध हुआ। जो धर्म मन को समाधान देने वाला था, वह स्वयं समस्या बनकर उभर गया। इस दृष्टि से उसमें संशोधन व परिवर्तन की अपेक्षा अनुभव हुई। अणुव्रत उसी आवश्यकता का आविष्कार है। यदि धर्म एक समस्या बनकर सामने नहीं आता तो उसे अणुव्रत के रूप में प्रस्तुति देने का कोई अर्थ ही नहीं था। अणुव्रत धर्म के साथ विवेक की अपरिहार्यता पर बल देता है। आगम की भाषा में विवेक ही धर्म है।

# दुनिया की सबसे पुस्तक में है ब्रहमाबाबा का जीवन रहस्य!

**प्रजापिता ब्रहमकुमारी ईश्वरीय विश्वविधालय के संस्थापक दादा लेखराज जो बाद में ब्रहमाबाबा नाम से प्रसिद्ध हुए,के अदभुत जीवन रहस्यों पर एक ऐसी पुस्तक प्रकाशित है,जिसे दुनिया सबसे बडी पुस्तक होने का सौभाग्य प्राप्त है। 28 फीट लम्बी और 18 फीट चौडी आकार की दुनिया की इस सबसे बड़ी पुस्तक में प्रजापिता ब्रहमा के 75 वर्षो के रूहानी एवं लौकिक जीवन रहस्यों को रौचक ढंग से प्रस्तुत किया गया है।इस पुस्तक को एशिया बुक आफ वर्ल्ड रिकार्डस ने विश्व की सबसे बडी पुस्तक धोषित किया हुआ है। एशिया बुक आफ रिकार्डस के प्रतिनिधि थामस बेन ने पुस्तक को लेकर की गई अपनी टिप्पणी में कहा था कि यह पुस्तक आध्यात्मिकता एवं धार्मिक आधारों को प्रतिपादित करने में सफल सिद्ध होगी और इससे युवाओं में नई प्रेरणा और जागृति का संचार होगा। पुस्तक के पन्नों को पल्टे तो बाबा संगम युग में नई दुनिया के संवाहक नजर आते है। संसार में जब जब धर्म की हानि और अधर्म की वृद्धि होती है तथा समाज में अन्याय, शोषण और अत्याचार बढता है तब तब मानव जाति का कल्याण करने तथा सत्य धर्म की स्थापना करने के लिए निराकार भगवान शिव संसार में अवतरित होते है और अपने साकार माध्यम द्वारा मनुष्य का उद्धार करते है। प्रजापिता ब्रहमा बाबा का जन्म इस पुनित कार्य के लिए हुआ था। सिन्ध के एक मध्यम वर्गीय परिवार में जब दिव्य विभूति दादा लेखराज का सन 1876 में जन्म हुआ था तब शायद ही किसी ने सोचा होगा कि आगे चलकर यही हस्ती एक महान समाजसुधारक मानवा मात्र का उद्धारक तथा अलौकिक व्यक्तित्व सिद्ध होगा। ब्रह्मबाबा आरम्भ से ही तीव्र बुद्धि,परिश्रमी तथा मदुभाषी थे। अपनी बोद्धिक कार्य कुशलता के फलस्वरूप वे एक छोटे व्यापारी से जवाहरातो के प्रसिद्ध व्यापारी बन गए।**

गौर वर्ण उन्नत ललाट,उंचे कद तथा सुगठित शरीर से युक्त उनका व्यक्तित्व



प्रतिभाशाली तो था ही व्यवहार कुशल तथा मानव मात्र के प्रति सह्रदय होने के कारण व ओर भी आकर्षक हो गया। हीरे के व्यापार के सिलसिले में उनका अनेक राजाओं तथा अमीरों से सर्म्पक हुआ लेकिन उनमें कभी अहम की भावना नही आई। अपने निश्चल,विन्रम स्वभाव,शिष्टाचार पूर्ण व्यहार तथा ईमानदारी के कारण अपने ग्राहको में वे न केवल लोकप्रिय थे बल्कि उन्हे बेहद सम्मान की दृष्टि से देखा जाता था। उन्हे श्रद्धा और स्नेह से सब दादा कहते थे। लगभग 60 वर्ष की आयु तक लौकिक ग्रहस्थ जीवन व्यतीत करते हुए दादा ने धन दौलत के साथ साथ खूब शोहरत हासिल की। सगे सम्बन्धियों तथा समाज के बीच उनका स्थान बडा प्रतिष्ठा पूर्ण रहा।अपनी दानवीरता और उदारता के कारण वे लोगो और संस्थाओं में लोकप्रिय रहे। लेकिन लौकिक तरक्की के चरम शिखर पर पहुंचने के बाद अचानक उन्हे भौतिक वस्तुओं से विरक्ति का अनुभव होने लगा। वे अन्तर मुख एकान्त में चिन्तन और मनन करने लगे।दादा लेखराज को दिव्य साक्षात्कार होने लगे। एक बार परमपिता परमात्मा शिव का ,उसके पश्चात कलियुगी सृष्टि के भावी विनाश और फिर भविष्य की दुनिया के साक्षातकारों ने उनके जीवन में नया मोड ला दिया। उन्होने अपना सारा व्यवसायिक कारोबार बन्दकर अपनी समस्त अर्जित सम्पत्ति ईश्वरीय ज्ञान के प्रचार प्रसार में लगा दी और संत्सग के लिए ओम मण्डली का निर्माण किया। धीरे धीरे उनका प्रचार प्रसार इतना अधिक बढा कि सभी वर्ग की महिलाये पुरूष उनका लाभ उठाने लगे। जहां काम,क्रोध,मोह,लोभ और अहंकार रूपी विकारो पर विजय पाकर सात्विक जीवन जीने के उपदेश दिये जाते थे। अब दादा के मुख से ही परमपिता परमात्मा शिव ने अपने इस साकार माध्यम को प्रजापिता ब्रहमा का नाम दिया। ब्रहमा बाबा अनुभव कराते कि आध्यात्मिकता के रास्ते राजयोग से दिमाग शान्त और प्रसन्नचित होता है। राजयोग से विक्रर्मो यानि विकारों को समाप्त करने में मदद मिलती है। राजयोग करने से शरीर और दिमाग में खास तरह का परिवर्तन होता है।जो मनुष्य के लिए सुखकारी है और वह स्वंय को परमात्मा के निकट महसूस करता है। ब्रहमा बाबा की वाणी में शिव एक ऐसी परम शक्ति है जो इस लौकिक एवं अलौकिक दुनिया की पालक है। यूं तो शिव एक ज्योतिपुंज है जिसे परमात्मा के रूप में स्वीकारा जाता है। हर धर्म में भगवान को प्रकाश रूप में माना गया है। मुस्लमान इसे नूर ए इलाही कहते है तो इसाई धर्म से जुडे लोग इसे लाईट आफ गॉड कहते है। जबकि सिख धर्म में इसे सतनाम कहकर पुकारा गया है। इसी तरह आर्य समाजी भगवान को निराकार रूप में मानकर साधना करते है। यानि ओम, अल्लाह और ओमेन एक ही परम शक्ति के नाम है। जिसे हम सब ईश्वर मानते है। लेकिन सर्व धर्मो में हिन्दू धर्म में एक मात्र भगवान शिव ही ऐसे है जिनकी देवचिन्ह के रूप में शिवलिगं की स्थापना कर पूजा की जाती है। लिगं शब्द का साधारण अर्थ चिन्ह अथवा लक्षण है। चूंकि भगवान शिव ध्यानमूर्ति के रूप में विराजमान ज्यादा होते है इसलिए प्रतीक रूप में अर्थात ध्यानमूर्ति के रूप शिवलिगं की पूजा की जाती है। आध्यात्मिक दृष्टि में ब्रहमाकुमारीज मिशन परमात्मा शिव को परमसुख प्राप्ति का आधार मानता है। मिशन के संदेश में शिव एक ऐसा शब्द है जिसके उच्चारण मात्र से परमात्मा की साक्षात अनुभूति होती है। शिव को कल्याणकारी तो हम सभी मानते है परन्तु यदि हमे शिव बोध हो जाए तो हमें जीवन मुक्ति का लक्ष्य प्राप्त हो सकता है। जब जब भी धर्म के मार्ग से लोग विचलित हो जाते है,समाज में अनाचार, पापाचार, ,अत्याचार, शोषण, क्रोध, वैमनस्य, आलस्य, लोभ, अहंकार, कामुकता, माया, मोह बढ जाता है तब तब ही परमात्मा को स्वयं आकर राह भटकें लोगों को सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा का कार्य करना पडता है। यह कार्य हर पाचं हजार साल में पुनरावृत होता है। पहले सतयुग, फिर त्रेता, फिर द्वापर और फिर कलियुग तक की यात्रा इन पांच हजार वर्षों में होती है।

## विचार मंथन

### पाक को चेतावनी

यह छिपा नहीं रहा है कि पड़ोसी देश होने के बावजूद अब तक सीमा पर पाकिस्तान का भारत के प्रति क्या रुख रहा है। अब तो ऐसे मौके आम हो चुके हैं जब बिना किसी वजह या उकसावे के ही पाकिस्तान की ओर से संघर्ष विराम का उल्लंघन किया जाता है या फिर नाहक ही गोलीबारी करके नुकसान पहुंचाने की कोशिश की जाती है। इस दृष्टि से सेना प्रमुख की चेतावनी बेहद गंभीर मायने रखती है। सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे ने चीन को स्पष्ट संदेश देते हुए शुक्रवार को कहा कि किसी को भारतीय सेना के धैर्य की परीक्षा लेने की गलती नहीं करनी चाहिए, हालांकि वह उत्तरी मोर्चे पर जारी सीमा गतिरोध को बातचीत व राजनीतिक उपायों से हल करने को प्रतिबद्ध हैं। जनरल नरवणे ने सेना दिवस परेड के मौके पर कहा कि सीमा पर एकतरफा बदलाव की साजिश का मुंहतोड़ जवाब दिया गया है और पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में भारतीय सैनिकों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। पाकिस्तान की ओर से सीमा पार आतंकवाद का जिक्र करते हुए कहा कि पड़ोसी देश आतंकवादियों को लगातार पनाहगाह मुहैया करा रहा है। उन्होंने कहा, दुश्मन को अन्य सीमा पर कड़ा जवाब दिया जा रहा है। पाकिस्तान लगातार आतंकवादियों को पनाहगाह मुहैया रहा है। नियंत्रण रेखा पर मौजूद शिविरों में 300 से 400 आतंकवादी घुसपैठ को तैयार हैं। कई दशकों का इतिहास यह बताने के लिए काफी है कि सीमा पर बेवजह तनाव की स्थिति बनाए रखना शायद पाक की फितरत में शामिल हो चुका है। हालांकि हर ऐसे मौके पर जब भारत की ओर से उसे मुंहतोड़ जवाब मिलता है तब वह अगले कुछ समय के लिए शांत हो जाता है और विश्व समुदाय के सामने खुद को निर्दोष बताने की कोशिश करता है। लेकिन पिछले कुछ महीनों से चीन की ओर से भी सीमा पर जिस तरह की बाधाएं खड़ी की जा रही हैं, वह भारत के लिए ज्यादा गंभीर चुनौती है। सही है कि भारत इस तरह के किसी बड़े संकट का भी आसानी से सामना करने के लिए तैयार है और हर मौके पर इसने साबित भी किया है, मगर ऐसी परिस्थितियों में अनावश्यक होने वाली उथल-पुथल और परेशानी में ऊर्जा बर्बाद होती है। दरअसल, पिछले कुछ समय से सीमा पर पाकिस्तान के साथ-साथ चीन ने भी जिस तरह के हालात पैदा कर रखे हैं, उसका कोई वाजिब कारण नहीं है। बल्कि प्रथम दृष्टया ही इसके पीछे भारत के प्रति उनका कपट से भरा हुआ बर्ताव दिखता है, जिसके जरिए वे अपनी विस्तारवाद की नीतियों को आगे बढ़ाना चाहते हैं। यों अपने कपट और दुराग्रहपूर्ण रवैये के बावजूद उन्हें अब तक इस बात का अंदाजा हो गया होगा कि भारत की ताकत के बारे में उनका अंदाजा किस खोखली बुनियाद पर आधारित है और ठीक समय पर मोर्चे पर उन्हें कैसी चुनौती देखने को मिलती है। इसलिए सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे ने यह ठीक ही कहा है कि पाकिस्तान और चीन मिल कर देश की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन चुके हैं।

# पानी और एक्सरसाइज से स्किन को रखे फ्रेश

धूप में निकलने से कम से कम 20 मिनट पहले त्वचा पर सन्सक्रीन या लोशन या जेल जरूर लगाना चाहिएअपनी त्वचा को नुकसान से बचाने और तरोताजा रखने क्क्ते लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीना, नियमित व्यायाम और त्वचा की नियमित देखभाल जरूरी है। गर्मियों में ?से रखें अपनी स्किन को फ्रेश-

**खूब पानी पीएं**


गर्मियों में खूब पानी पीना चाहिए इससे त्वचा ताजा और जवां रहती है। पानी की कमी से त्वचा रूखी और बेजान हो जाती है।

**सोडा का सेवन न करें**

गर्मियों में सोडा, डब्बाबंद जूस और सोडा मिश्रित शीतल पेय पदार्थों के सेवन से परहेज करें। इनके स्थान पर नारियल पानी, छाछ, आम पन्ना और ठंडी ग्रीन टी पिएं।

**सनस्क्रीन जरूर लगाएं**

त्वचा के अनुरूप सन्सक्रीन ढूंढ पाना भले ही



मुश्किल काम है, लेकिन इसके फायदे हैं। भारतीय त्वचा के लिए 20-30 पीएफ का सन्सक्रीन उपयुक्त रहता है। तैलीय त्वचा वालों के लिए जेल युक्त सन्सक्रीन भी उपलब्ध है। धूप में निकलने से कम से कम 20 मिनट पहले त्वचा पर सन्सक्रीन या लोशन या जेल जरूर लगाना चाहिए।

**नियमित एक्सरसाइज करें**

एक्सरसाइज करने से शरीर में रक्त संचार ठीक बना रहता है और शरीर को पर्याप्त ऑक्सीजन मिलता है, जिससे त्वचा भी स्वस्थ रहती है। नियमित व्यायाम से त्वचा में जरूरी हार्मोन का संचार होता है और यह त्वचा को नुकसान से बचाता है।

**त्वचा को क्लीन, टोन और मॉश्चराइज करें**

गुलाब जल, बेसन और दही जैसी प्राकृति और घरेलू चीजों की मदद से भी आप त्वचा को साफ कर सकती हैं। इसके बाद त्वचा को टोन जरूर करें, इससे रोम छिद्र बंद हो जाते हैं और त्वचा को ठंडक पहुंचती है। यदि मॉश्चराइजर लगाने से आपकी त्वचा तैलीय हो जाती है, तो गर्मियों में आप पानीयुक्त मॉश्चराइजर का इस्तेमाल कर सकती हैं।

# पिंपल्स दूर करता है पुदीना



पेट संबंधी किसी भी प्रकार का विकार होने पर एक चम्मच पुदीने के रस को एक कप पानी में मिलाकर पिएंपुदीने में मौजूद फाइबर कोलेस्ट्रॉल लेवल को कम करता है और मैगनीशियम हड्डियों को ताकत देता है। यह स्वादिष्ट होने के साथ-साथ कई तरह से फायदेमंद होता है। आइए जानते हैं पुदीने के फायदों के बारे में-

**पेट संबंधी बीमारियां** = पुदीने की पत्तियों का ताजा रस नींबू और शहद के साथ समान मात्रा में लेने से पेट की सभी बीमारियों में आराम मिलता है। पेट संबंधी किसी भी प्रकार का विकार होने पर एक चम्मच पुदीने के रस को एक कप पानी में मिलाकर पिएं।

**खांसी-जुकाम** = इसका रस काली मिर्च व काले नमक के साथ चाय की तरह उबालकर पीने से जुकाम, खांसी व बुखार में राहत मिलती है।

**हिचकी** =पत्तियां चबाने या उनका रस निचोड़कर पीने से हिचकियां बंद हो जाती हैं।

**पिंपल्स** = पुदीने के रस को नमक के पानी के साथ मिलाकर कुल्ला करने से गले का भारीपन दूर होता है और आवाज साफ होती है। इसके रस को चेहरे पर लगाने से कील और मुंहासे दूर होता है।

**पीरियड प्रोब्लम** = माहवारी समय पर न आने पर पुदीने की सूखी पत्तियों के चूर्ण को शहद के साथ समान मात्रा में मिलाकर दिन में दो-तीन बार नियमित रूप से लें।

**उल्टी** = अधिक गर्मी में जी मिचलाए या उल्टी आए तो एक चम्मच सूखे पुदीने की पत्तियों का चूर्ण और आधी छोटी इलायची के चूर्ण को एक गिलास पानी में उबालकर पीने से लाभ होता है।

**मुंह की दुर्गंध** = पुदीने की पत्तियों को सुखाकर बनाए गए पाउडर को मंजन की तरह प्रयोग करने से मुंह की दुर्गंध दूर होती है और मसूड़े मजबूत होते हैं।

**सिरदर्द** = सिरदर्द में पत्तियों का लेप माथे पर लगाने से आराम मिलता है।



## वॉक से तनाव होता है दूर, जानिए और फायदे

दुनियाभर के हैल्थ एक्सपर्ट मॉर्निंग और ईवनिंग वॉक की आदत डालने पर जोर देते रहे हैं। हाल ही एक अध्ययन से फिर पता चला है कि वॉक का फायदा न सिर्फ तन बल्कि मन को भी मिलता है।

**दिल** = हफ्ते में आधे से एक घंटा टहलने से दिल के रोगों का खतरा काफी कम हो जाता है।

**तनाव**= रोजाना 30 मिनट की वॉक से डिप्रेशन के लक्षणों में 36 फीसदी तक कमी आती है।

**ब्रेन**= हफ्ते में दो घंटे टहलने से स्ट्रोक का खतरा 30 फीसदी तक घटता है।

**स्मरण शक्ति**= हफ्ते में तीन बार 40 मिनट की वॉक करने से सोचने, प्लानिंग करने व याददाश्त वाला हिस्सा मजबूत बनता है।

**हड्डियां**= हफ्ते में चार घंटे टहलने से हिप बोन के फ्रैक्चर होने का खतरा 43 फीसदी तक कम हो सकता है।

**वजन**= हर रोज एक घंटा टहलने से मोटापे की आशंका 50 फीसदी तक घट सकती है।

**डायबिटीज**= रोजाना की वॉक इस रोग में उपयोगी होती है और इससे मधुमेह के खतरे को 26 फीसदी घटाया जा सकता है।

## चिकनगुनिया का घंटे भर में पता लगाएगा यह उपकरण

अमेरिका द्वारा विकसित एक नए उपकरण की मदद से स्वास्थ्यकर्मी अब किसी मरीज में चिकनगुनिया संक्रमण का घंटे भर के अंदर पता लगा सकेंगे। अब तक चिक नगुनिया की जांच का परिणाम आने में कई दिन या सप्ताह भर लग जाता है, लेकिन अब इस नए उपकरण की मदद से तुरंत चिकनगुनिया के संक्रमण का पता लगाया जा सकेगा।

चिकनगुनिया संक्रमित मादा एडीज मच्छर के



काटने से होता है तथा संक्रमित व्यक्ति को बुखार, दर्द और मांसपेशियों तथा जोड़ों में सूजन की समस्या होती है। इसके अलावा सिर में दर्द और खराश की शिकायत भी हो सकती है। अध्ययनकर्ताओं के अनुसार अगर चिकनगुनिया की महामारी फैलती है तो स्वास्थ्यकर्मियों के लिए यह उपकरण तेजी से रोग का पता लगाने में बेहद मददगार साबित होगा, जिसके लिए किसी विशेष उपकरण, विशेषज्ञ या प्रशिक्षण की जरूरत नहीं है।

अमेरिका के सैन्य चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा चिकनगुनिया पर इस उपकरण का परीक्षण किया है। यह गर्भ का पता लगाने में इस्तेमाल होने वाले उपकरण जैसा ही है, जिसे रसायन के लेप के साथ उपयोग किया जाता है। चिकनगुनिया की जांच के लिए इस समय प्रयोगशाला में काफी भारी भरकम मशीनों का इस्तेमाल किया जाता है तथा इसके उपयोग के लिए काफी प्रशिक्षण की भी जरूरत होती है। अमेरिका के ÷वेक्टर टेस्ट सिस्टम्स इंक द्वारा विकसित इस उपकरण को कोई भी नौसिखिया कहीं भी ले जाकर इस्तेमाल कर सकता है। इस उपकरण की सबसे बड़ी विशेषता है कि इसे इस्तेमाल करने के लिए बिजली की जरूरत नहीं होती।

# दवा लेते समय इन बातों का रखे खयाल

**किसी दवा को लेने पर पेट खराब हो जाए, स्किन रैशेज या सूजन आए तो फौरन विशेषज्ञ से संपर्क कर उन्हें बताएंदवा लेने के कुछ खास तरीके होते हैं यदि इनका ध्यान रखा जाए तो कई दिक्कतों से बचा जा सकता है-**

1. आपके नियमित डॉक्टर आपकी फैमिली हिस्ट्री व मेडिकल कंडीशन से काफी हद तक वाकिफ होते हैं लेकिन अगर आप किसी नए डॉक्टर के पास जा रहे हैं तो उन्हें मेडिक ल हिस्ट्री व फिलहाल जो दवाएं ले रहे हैं उनकी



जानकारी अवश्य दें। किसी मेडिसिन से एलर्जी है तो इसे भी विशेषज्ञ को अवश्य बताएं। 2. अपनी मर्जी से पुराने प्रिसक्रिप्शन के आधार पर दवाएं न लें क्योंकि कई दवाएं तात्कालिक लक्षणों एवं इलाज के हिसाब से दी जाती हैं।

3. किसी दवा को लेने पर पेट खराब हो जाए, स्किन पर रैशेज या सूजन आए तो फौरन विशेषज्ञ से संपर्क कर उन्हें बताएं।

4. दवा खाली पेट लेनी है या खाना खाकर, यह जानकारी जरूर लें।

5. मेडिसिन की एक्सपायरी डेट जरूर देख लें। तारीख सही हो लेकिन दवाई पिघली हुई, बदशक्ल या बदरंग लग रही हो तो उस दवा को न लें।

# ई-लर्निंग के जरिए घर बैठे करें IIT जैसी पढ़ाई

आधुनिक विषयों की पढ़ाई के लिए अच्छे संस्थान में ही दाखिला जरूरी नहीं। एनपीटीईएल आपको घर बैठे उत्कृष्ट संस्थानों के प्रोफसरों से पढ़ने में मदद कर सकता है। एनपीटीईएल एक ?सा मंच है, जो सुदूर इलाकों में रहने वाले स्टूडेंट्स को भी आईआईटी जैसे संस्थानों के प्रोफेसर्स से कंप्यूटर के माध्यम से पढ़ने का मौका दे रहा है। आज इसके माध्यम से बहुत से स्टूडेंट्स प्राइमरी कंटेंट के रूप में और बहुत से स्टूडेंट्स एक एक्स्ट्रा स्टडी के रूप में इस मंच से लाभ ले रहे हैं। अच्छे कॉलेजों में प्रवेश न ले पाने वाले या सुदूर इलाकों में रहने के कारण शिक्षा के आधुनिक संसाधनों के अभाव से जूझने वाले स्टूडेंट्स को भी देश के उच्चस्तरीय संस्थानो जैसा शिक्षण उपलब्ध करवाने का एक खास प्रयास है एनपीटीईएल। फ्री ऑनलाइन कोर्सवेयर की मदद




से यह पोर्टल इंजीनियरिंग और साइंस स्ट्रीम में शानदार ई-लर्निंग उपलब्ध करवाता है। आज इस मंच पर स्टूडेंट्स को सर्टिफिकेट कोर्सेज का भी विकल्प मिलता है। आईआईटीज और आईआईएससी की मदद से संचालित नेशनल प्रोग्राम ऑन टेक्नोलॉजी इनहैंस्ड लर्निंग का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को वीडियोज के माध्यम से सुदूर ग्रामीण इलाको के छात्रों तक इंटरनेट के जरिए पहुंचाना है। एनपीटीईएल के ऑनलाइन वीडियोज का इस्तेमाल आप पढ़ाई के प्राइमरी कंटेंट के रूप में भी कर सकते हैं और अपनी पढ़ाई से इतर ज्ञान जुटाने के लिए भी। इस पोर्टल पर कई सर्टिफिकेट कोर्सेज भी उपलब्ध हैं। यानी यहां से ऑनलाइन कोर्स करके आप सर्टिफिकेट भी पा सकते हैं। ऑनलाइन कोर्सेज के लिए कोई फीस नहीं है। हालांकि सर्टिफिकेशन एग्जाम के लिए आवेदकों से एक मामूली शुल्क लिया जाता है। एनपीटीईएल के तहत इंटरनेट पर डाले गए एजुकेशनल वीडियोज से या वेब बेस्ड लर्निंग से उन स्टूडेंट्स को खासतौर पर लाभ मिलता है, जिनकी पहुंच बेहतर संस्थानों या स ंसाधनों तक सीधे तौर पर नहीं है। इस तरह किसी सुदूर क्षेत्र में रहने के बावजूद उन्हें अच्छे शिक्षण का अवसर उपलब्ध हो जाता है। इस मंच पर उपलब्ध वीडियोज स्टूडेंट्स के साथ-साथ उन्हें पढ़ाने वाले टीचर्स के लिए भी काफी लाभदायक हैं। उन्हें अपनी पेडागॉजी और उनसे जुड़ी तकनीकों को सुधारने की सीख यहां मिलती है। बड़े संस्थानों के लेक्चर्स भी उपलब्ध करवाने वाला यह मंच इनके ज्ञान को अपटूडेट करने के लिए खासतौर पर मददगार है।

# जेपी अस्पताल में मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने लगवाई वैक्सीन

## राजधानी में 3 वैक्सीनेशन केंद्र और बढ़ाए गए

**भोपाल ।** कोरोना वैक्सीनेशन के दूसरे चरण में 60 वर्ष से अधिक और बीमारी से पीड़ितों को वैक्सीन लगाई जा रही है। भोपाल में वैक्सीनेशन केन्द्रों की संख्या 17 से बढ़ाकर अब 20 कर दी गई है। इसके चलते इन सेंटर पर करीब 7200 लोगों को टीका लगवाने का लक्ष्य रखा है। अब गुरुवार और शनिवार को वैक्सीनेशन किया जाएगा। बुधवार सुबह 11.15 बजे जयप्रकाश अस्पताल पहुंच कर नगरीय विकास एवं प्रशासन विभाग के मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने वैक्सीन लगवाई। वैक्सीन लगवाने के बाद भूपेन्द्र सिंह बोले कोरोना से लडने के लिए वैक्सीन जरूरी है। उन्होंने कोरोना वैक्सीन पर सवाल उठाने वालों को जवाब देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने वैक्सीन लगाकर जवाब दिया है। जिला विधानसभा वोटर लिस्ट के अनुसार जिले में 60 साल से अधिक उम्र के 2 लाख 37 हजार 302 बुजुर्ग है। इसके अलावा 45 से 59 साल की उम्र के 4 लाख से ज्यादा लोग कोमॉर्बीडिटी यानी दूसरी बीमारियों से पीड़ित होने के बाद अपना इलाज करा रहे है। वैक्सीनेशन के लिए कोलार, काटजू और गांधी नगर सामुदायिक केंद्र को जोड़ा गया है। अभी तक एम्स, हमीदिया, जेपी अस्पताल, प्रोतिमा मलिक पुलिस अस्पताल, बीएमएचआरसी, कस्तूरबा अस्पताल, ईएसआई अस्पताल, बैरागढ़ सिविल अस्पताल, बैरसिया सिविल अस्पताल, चिरायु, एलएन मेडिकल कॉलेज, एमआईएमएस, पीपुल्स मेडिकल कॉलेज, आरकेडीएफ मेडिकल कॉलेज, नेशनल अस्पताल, नोबल अस्पताल और भोपाल केयर अस्पताल शामिल थे।



# डेंगू - लार्वा और मलेरिया का सर्वे जारी

**भोपाल ।** शहर के विभिन्न क्षेत्रों, अति संवेदनशील क्षेत्रों, स्लम एरिया और अन्य बस्तियों में डेंगू लार्वा, मलेरिया, रैपिड टेस्ट, ब्लड स्लाइड कलेक्शन और कोरोना से बचाव की जानकारी आदि का कार्य व्यापक स्तर पर किया जा रहा है। जिला मलेरिया अधिकारी अखिलेश दुबे ने बताया कि मलेरिया की रोकथाम के लिए विभिन्न क्षेत्रों में दल नियुक्त कर अभियान चलाया जा रहा है। भोपाल जिले में 649 लोगों की रेपिड टेस्ट से मलेरिया की जाँच की गई। जिनमें भोपाल शहर में 379 और बैरसिया में 160 से अधिक लोगों की मलेरिया जांच के लिए नमूने लिए गए। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि बच्चों को पूरी आस्थीन के कपड़े पहनायें एवं घर में सोते समय मच्छरदानी का भी उपयोग करें। शाम के समय घरों के आस-पास नीम की पत्तियों का धुआं भी कर सकते हैं। श्री दुबे ने कहा कि अगर घर में किसी को बुखार आ रहा है तो उसकी जाँच तुरंत नजदीकी अस्पताल में जाकर करायें। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में डेंगू के लार्वा के लिए 02 टीमों का दल नियुक्त किया गया है जिनके द्वारा 76 घरों का सर्वे कर किया गया और 02 घरों में लार्वा पाया गया। अलग अलग जगहों पर 600 से अधिक बर्तनों में लार्वा सर्वे किया गया, जिसमें केवल 02 बर्तनों में लार्वा पाया गया। डेंगू के लार्वा को टेमोफॉस डाल कर नष्ट किया गया।

# ग्रीन कवर बढ़ेगा तो दुनिया बचेगी

## मुख्यमंत्री चौहान ने आज शीशम का पौधा रोपा

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि हमारी धरती पर ग्रीन कवर (हरित आवरण) बढ़ेगा तो दुनिया बचेगी। इसके लिए आवश्यक है कि न केवल हम पेड़ों को बचाएँ, बल्कि अधिक से अधिक संख्या में पेड़ भी लगाएँ। हर व्यक्ति पेड़ लगाने का संकल्प ले। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आज अपने प्रतिदिन एक पौधा लगाने के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए स्मार्ट सिटी पार्क श्यामला हिल्स में शीशम का पौधा रोपा और श्रमदान भी किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि भारत सरकार के एक सर्वे के अनुसार मध्यप्रदेश का वन क्षेत्र बढ़ा है। प्रदेश में अधिक से अधिक पौधे लगाए जाने का कार्य अभियान के रूप में चलाया जा रहा है। हर व्यक्ति को इस अभियान का हिस्सा बनना चाहिए। शीशम बहुपयोगी वृक्ष है। इसकी लकड़ी, पत्तियाँ, जड़ें सभी काम में आती हैं। लकड़ियों से फर्नीचर बनता है। पत्तियाँ पशुओं के लिए प्रोटीनयुक्त चारा होती हैं। जड़ें भूमि को अधिक उपजाऊ बनाती हैं। पत्तियाँ व शाखाएँ वर्षा-जल की बूँदों को धीरे-धीरे जमीन पर गिराकर भू-जल भंडार बढ़ाती हैं।



### भागवत कथा का चतुर्थ दिवस :

# श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया





**भोपाल।** रतनपुर शिव मंदिर में चल रही भागवत कथा के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। हाथी घोडा पालकी जय कन्हैया लाल की उद्घोष के साथ भगवान कृष्ण बने बालक को टोकरी में बैठाकर कथा पंडाल में लाया गया। श्रद्धालु भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव पर जमकर झूमे और पंडाल में टाफी, फल, फूल और रुपये भी लुटाये गए। आयोजक राखी परमार ने बताया उज्जैन से पधारे संत श्री बापू भगवान ने भगवान राम और कृष्ण लीला के कई प्रसंग सुनाए उन्होने कहा कि बच्चो को खूब अच्छा पढाना चाहिए लेकिन उसे अपनी असली पहचान से दूर नही रखना चाहिए। सच्चे माता पिता वही है जो अपने रहते हुए बच्चो को उनके असली माता पिता का पता बता दे, ईश्वर ही हमारे असली माता पिता है। कथा वाचक साध्वी वैष्णवी जी ने मनुष्य जीवन का महत्व समझाते हुए कहा कि हमें भगवान की भक्ति में अधिक से अधिक समय देना चाहिए। हम नारयण की सेवा में रहते हुए न्याय, सत्य और सद्मार्ग पर चलेंगे तो हमारा घर परिवार भी फलेगा फूलेगा। घर में सुख शांति का वास होगा। 4 मार्च को कथा स्थल पर खाटू श्याम भगवान की ज्योति प्रज्जवलित कर भगवान के भजनों का आयोजन किया जायेगा।

ये हुए शामिल- अवनीश भार्गव, सुंदर सिंह, फूल सिंह , हरिचरण , रामदयाल , गुमान सिंह , बाबूलाल , जगन्नाथ भगवान सिंह , लक्ष्मण सिंह , बलवंत सिंह , इमलत लाल , सज्जन सिंह , प्रेमनारायण मुख्य संरक्षक- नारायण सिंह परमार, अर्जुन सिंह परमार, हरि पाटीदार, सोभाराम परमार, गजराज सिंह परमार, प्रेम नारायण परमार, संव परमार, प्रमोद सिंह परमार, श्रीमती रेखा सिंह परमार, सवई सिंह परमार, महेन्द्र सिंह परमार, संदीप सिंह परमार, धर्मेन्द्र सिंह परमार, संदीप, योगेश, रवि, शंकर, भूपेन्द्र, संतोष, सुमित , हनुमत, सुनील शैलेन्द्र, जशरथ, दिनेश, सोनू, आयूष, सहित क्षेत्रीय रहवासी एवं श्रद्धालु शामिल हुए।

# नेहरू युवा केन्द्र द्वारा राष्ट्रीय युवा कोर्प हेतु आवेदन आमंत्रित

**भोपाल।** युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय युवा कोर्प योजनान्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में नेहरू युवा केन्द्र की गतिविधियों के संचालन एवं भारत सरकार व प्रदेश सरकार की योजनाओं के प्रचार प्रसार व सफल क्रियान्वयन हेतु एनवायव्ही स्वयं सेवकों का जिले के समस्त विकासखण्डों में एक वर्ष की कार्य अवधि के लिये नियुक्त किया जाना है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र प्रोफार्मा आदि विभाग की वेबसाइट (222.ठ्4द्मह्य.श्रह्व्) से प्राप्त कर सकते हैं। ऑनलाईन एवं ऑफलाईन आवेदन 20 मार्च 2021 तक जमा किये जा सकते हैं।

# सीपीसीटी परीक्षा सर्टिफिकेट की वैधता अवधि अब होगी 7 वर्ष : राज्य मंत्री परमार

**भोपाल।** स्कूल शिक्षा (स्वतंत्र प्रभार) एवं सामान्य प्रशासन राज्य मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने कहा कि सीपीसीटी परीक्षा सर्टिफिकेट की वैधता अवधि को 4 वर्ष से बढ़ाकर अब 7 वर्ष किया जा रहा है। श्री परमार मंत्रालय में सीपीसीटी परीक्षा संचालन संबंधी समीक्षा बैठक ले रहे थे। श्री परमार ने कहा कि इससे प्रदेश में सहायक ग्रेड-3, स्टेनो, डाटाएंट्री ऑपरेटर और आई.टी. ऑपरेटर जैसे पदों की भर्ती परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले छात्रों को लाभ होगा। राज्य मंत्री श्री परमार ने कहाकि वर्तमान कोरोना काल की परिस्थितियों और परीक्षार्थियों की सहुलियत को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। श्री परमार ने निर्देश दिये कि सीपीसीटी परीक्षा सर्टिफिकेशन की व्यवस्था इस तरह बनाएँ कि परीक्षार्थियों का स्कोर कार्ड दूसरे राज्यों की परीक्षाओं में भी मान्य हो। परीक्षाओं के संचालन की रीयल टाइम मॉनिटरिंग और त्वरित परीक्षा परिणाम जारी करने के लिये आधुनिक प्रौद्योगिकी और तकनीक को अपनाया जाये। परीक्षाओं के संचालन संबंधी सूचनाएँ परीक्षार्थियों को प्रचार-प्रसार के सभी माध्यमों पर उपलब्ध कराएँ। बैठक में अपर मुख्य सचिव श्री विनोद कुमार, सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी श्री एम. सेलवेन्द्रन, निदेशक राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड श्री प्रभातराज तिवारी और उप सचिव सामान्य प्रशासन विभाग श्रीमती दिशा नागवंशी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



# राशन के 151 क्विंटल गेहूँ की कालाबाजारी के दोषी 4 लोगों को 6 माह की सजा

**भोपाल।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दीपक आर्य ने वारासिवनी में सरकारी राशन के 151 क्विंटल गेहूँ की कालाबाजारी करने के मामले में चार व्यक्तियों को 6 माह की अवधि के लिए जेल में बंद रखने के आदेश दिये हैं। यह कार्यवाही चोर बाजारी निवारण एवं अत्यावश्यक वस्तु प्रदाय अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की गई है। चारों व्यक्तियों को आज ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस मामले में व्यापारी के गोदाम में सरकारी योजना का गेहूँ पहुँचाने वाले ट्रक को भी राजसात करने के आदेश दिये गये हैं। साथ ही गेहूँ की कालाबाजारी में लिप्त दो कर्मचारियों को पद से पृथक करने के लिए उनके वरिष्ठ कार्यालय लिखा जा रहा है। जिलानी फ्रेट केरियर वारासिवनी के ट्रक क्रमांक सीजी-04-जेडसी-6145 को 26 फरवरी 2021 को वार्ड नंबर-10 वारासिवनी के व्यापारी लालू सोहाने पिता स्वर्गीय गणेश सोहाने के गोदाम पर 151.06 क्विंटल गेहूँ को खाली कराते हुए पकड़ा गया था। यह गेहूँ नागरिक आपूर्ति निगम वारासिवनी के प्रदाय केन्द्र से सरकारी उचित मूल्य दुकान में खाद्यान्न पर्ची धारक उपभोक्ताओं को वितरण के लिए पहुँचाया जाना था। ट्रक में रखी गेहूँ की बोरियों पर नागरिक आपूर्ति निगम का मार्का लगा हुआ पाया गया और जिस सोसायटी को प्रदाय की जानी थी, उसकी पर्ची लगी हुई थी। कलेक्टर न्यायालय में इस प्रकरण की सुनवाई के दौरान सभी पक्षों को सुना गया। सुनवाई में तथ्यों के आधार पर कलेक्टर दीपक आर्य ने पाया कि इन चारों लोगों ने सरकारी राशन के गेहूँ की कालाबाजारी की है और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत पात्र परिवारों को उनके हक के गेहूँ से वंचित करने का प्रयास किया है।

# उंदजैन सोशल ग्रुप के सदस्यों ने बसंत को दी विदाई

## उत्साह उमंग के साथ फागुन की अगवानी की

**भोपाल।** महिलायें, पुरूष और बच्चों ने हर्षोल्लास के साथ भजनों के साथ भक्ति नृत्य किया, और खुशियों से सराबोर होकर उत्साह के साथ झूम-झूमकर फागुन की अगवानी की और बसंत ऋतु को विदाई दी। मौका था दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप पार्श्वनाथ के सदस्यों ने पीले वस्त्र धारणकर ऋतुओं की रानी बसंत ऋतु के अंतिम चरण और फागुन के प्रथम आगास पर प्रकृति हरियाली से भरपूर सरसों, पलास एवं मोगरे आदि के फूलों से मनोरम दृश्यों से भरपूर सीहोर स्थित निजी फार्म हाउस पर कोरोना समय के लम्बे अंतराल के बाद खुशियों को अपने आगोश में समेटा। क्या युवा, क्या महिला और क्या बच्चे सभी एकजुटता के साथ उत्साह, उमंग और उल्लास के साथ खुशियाँ मना रहे थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में भगवान महावीर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर हाथ जोड़कर भक्ताम्वर का वाचन कर मंगलाचरण किया और शीघ्र ही प्राकृतिक आपदा और कोरोना महामारी की समाप्ति की प्रार्थना के साथ जगत में सभी के कल्याण की भावना बहाई। समाज के प्रवक्ता अंशुल जैन ने बताया इस अवसर पर मुख्य अतिथि सोशल ग्रुप के राष्ट्रीय पदाधिकारी प्रदीप गोयल, समाज के अध्यक्ष प्रमोद हिमांशु, मनोज बांगा, समाजसेवी मनोज इंजीनियर एम.आर. मनोज आर.एम., आदित्य मनिया ने भगवान महावीर के चित्र का अनावरण कर दीप प्रज्जवलित किया। अध्यक्षीय भाषण देते हुए ग्रुप के अध्यक्ष मनीष आर.एम., सभी अतिथि एवं सदस्यों का अभिवादन करते हुए ग्रुप के द्वारा समाजसेवा के क्षेत्र में की जा रही गतिविधियों को विस्तार से बताया। मुख्य अतिथियों ने अपने अभिवादन में सामाजिक संस्थाओं एवं सोशल ग्रुप के द्वारा कोरानाकाल के साथ सामाजिक, शैक्षणिक और चिकित्सीय सेवा के कार्यों की सराहना करते हुए उत्साहवर्धन किया और कहा जैन समाज की पहचान करूणा और दया के रूप में होती है, इसलिए स्वयं के साथ परमार्थ के लिए सदैव आगे रहें। मीडिया प्रभारी मनोज जैन मन्नू ने ग्रुप के द्वारा की जा रही सामाजिक कार्यों की जानकारी देते हुए भविष्य में किये जाने वाले कार्यों के बारे में बताया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सोशल ग्रुप पार्श्वनाथ के अध्यक्ष मनीष आर.एम., सुनील पब्लिशर्स, विपिन एमपीटी, दीपक दीपराज, प्रमित अजमेरा, दीपक सोगानी, सूर्यप्रकाश गुड्डु, मनोज मन्नू, आलोक हैप्पी, अनूप सिंघई, मनीष अरिहंत, प्रभात बचपन, शोभित अचीवर्स, शैलेन्द्र गोगा, धर्मेन्द्र टीनू, अशोक सुपारी, अनिल अत्री, मुकेश सहित अनेक सदस्य मौजूद थे। सोशल ग्रुप पार्श्वनाथ की महिला सदस्यों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनोरंजक खेल खिलवाये।






मिस्र में महिलाओं के आईएसएसएफ विश्वकप शॉटगन मुकाबले में भाग लेती हुई स्पेन की गेलवेज फातिमा।

## खेलो इंडिया विंटर गेम्स में हिमाचल को 11 पदक मिले

**मनाली।** हिमाचल प्रदेश ने खेलो इंडिया विंटर गेम्स में शानदार प्रदर्शन किया है। हिमाचन के स्कीइंग खिलाड़ी आंचल ठाकुर ने दो स्वर्ण पदक जीते हैं। आंचल के अलावा, गिरिराज ने भी एक स्वर्ण पदक जीता है। खेलो इंडिया विंटर गेम्स में हिमाचल ने कुल 11 पदक जीते हैं। युवा सेवा खेल मंत्रालय और जेएंडके स्पोर्ट्स काउंसिल ने कश्मीर में चार दिवसीय इस प्रतियोगिता का आयोजन किया है। इसमें देश के 27 राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों से 1200 खिलाड़ियों ने भाग लिया. स्कीइंग अल्पाइन महिला वर्ग में तीनों स्थान हिमाचल को मिले हैं। मनाली की आंचल ने स्वर्ण, वर्षा ने रजत और तनुजा ने कांस्य पदक जीता। इस प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में हिमांशु ठाकुर ने कांस्य पदक हासिल किया। वहीं महिलाओं की सलालम प्रतियोगिता में आंचल ठाकुर ने स्वर्ण, संध्या ठाकुर ने रजत और वर्षा ठाकुर को कांस्य पदक मिला।

## युवराज और सचिन पीपीई किट में एकसाथ नजर आये




**रायपुर ।** महान बल्लेबाज सचिन तेंडुलकर और पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंदर सहवाग और युवराज सिंह सहित कई अन्य पूर्व क्रिकेटर इस समय रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए रायपुर में है। युवराज ने यहां पहुंचने के बाद सचिन के साथ अपनी एक तस्वीर फेसबुक पर शेयर की है। इस तस्वीर में दोनों ही महान क्रिकेटर कोरोना वायरस संक्रमण से बचने के लिए पीपीई किट में नजर आये हैं। युवी ने फोटो शेयर करते हुए लिखा, हम रायुपर पहुंच चुके हैं। रोड सेफ्टी सीरीज के साथ ही अपनी सेफ्टी भी जरूरी है भाई। सचिन इस लीग के ब्रैंड एम्बेसडर भी हैं। रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज की शुरुआत पिछले साल हुई थी पर कोविड-19 महामारी के कारण 11 मार्च को यह टूर्नामेंट स्थगित कर दिया गया था और इसके चार मैचों का ही आयोजन हो सका था। अब इसके बाकी बचे मैचों का आयोजन रायपुर के नवनिर्मित 65000 दर्शकों की क्षमता वाले शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में होगा। इस लीग का मकसद सड़कों पर अपने व्यवहार के प्रति लोगों के मन को प्रभावित करना और बदलना है। इस सीरीज में कुछ 6 टीमें हिस्सा लेंगी।

## एगर की घातक गेंदबाजी से ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को 64 रनों से हराया




**वेलिंगटन।** कप्तान एरोन फिंच और ग्लेन मैक्सवेल की आक्रामक अर्धशतकीय पारियों की सहायता से ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को तीसरे टी20 में 64 रनों से हरा दिया। टॉस हारने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट पर 208 रनों का विशाल स्कोर बनाया। जवाब में मेजबान न्यूजीलैंड की टीम 17.1 ओवर में 144 रनों के स्कोर पर सिमट गई। छह विकेट झटकने वाले एस्टन एगर को मैन ऑफ द मैच चुना गया। पांच मैचों की टी20 सीरीज में न्यूजीलैंड पहले दो मुकाबले जीतकर 2-1 से अभी भी बढ़त बनाए हुए है। विशाल स्कोर का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड को शुरुआत में दो बड़े झटके लगे। टिम सिफर्ट (04) और कप्तान केन विलियमसन (09) रिले मेरिडिथ का शिकार बने। सलामी बल्लेबाज मार्टिन गुप्टिल (43) और डेवन कानवे (38) ने तीसरे विकेट के लिए 32 रनों की साझेदारी की। इसके बाद एस्टन एगर ने कीवी टीम का पुलिंदा बांध दिया। एगर ने 30 रन देकर 6 विकेट झटके। यह किसी भी ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज का टी20 में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी है। एडम जम्पा और केन रिचर्ड्सन को 1-1 विकेट मिले। पहले खेलते ऑस्ट्रेलिया ने फिंच और मैक्सवेल के अर्धशतकों की मदद से 4 विकेट पर 208 रन बनाए हैं। मैथ्यू वेड केवल 5 रन ही रन बना पाए थे। इसके बाद फिंच ने जोश फिलिप्स के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाया। फिंच ने 44 गेंदों में 8 चौके और 2 छक्कों की मदद से 69 रन बनाए। वहीं, फिलिप्स ने 27 गेंदों में तीन चौके और एक छक्के की मदद से 43 रन बनाए। इसके बाद मैक्सवेल ने 31 गेंदों में आठ चौके और पांच छक्कों की मदद से ताबड़तोड़ 70 रन बनाए और ऑस्ट्रेलिया को 200 रनों के ऊपर पहुंचा दिया। मार्कस स्टोइनिस 9, जबकि मिचेल मार्श 6 रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड के गेंदबाज ईश सोढ़ी 32 रन देकर दो विकेट लेने में कामयाब रहे। टिम साउदी और ट्रेंट बोल्ट को 1-1 विकेट मिला। अपनी आक्रामक पारी के दौरान मैक्सवेल ने जिम्मी नीशम की एक गेंद पर छक्का लगाते हुए स्टेंड में लगी एक कुर्सी को भी तोड़ दिया। मैक्सवेल ने नीशम के एक ओवर की सभी गेंदों पर शॉट लगाते हुए 28 रन बटोरे। नीशम के लिए यह करियरकी सबसे खराब गेंदबाजी रही। उन्होंने महज चार ओवर में 60 रन लुटा दिए।

## स्टेन पर बरसे आजिंक्य रहाणे

**अहमदाबाद।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज डेल स्टेन के आईपीएल में क्रिकेट की जगह पैसे को ही महत्व दिये जाने वाले बयान को लेकर भारतीय बल्लेबाज आजिंक्य रहाणे ने करारा जवाब दिया है। रहाणे ने स्टेन के इस बयान पर कहा कि मैं यहां चौथे टेस्ट पर बात करने के लिए आया हूं न कि पीएसल या लंका प्रीमियर लीग के बारे में. मेरी नजर में आईपीएल खिलाड़ियों को ऐसा मंच देता है। जिसके जरिए वो खुद को निखार सकते हैं। इसमें कई भारतीय खिलाड़ियों को भी मौका मिला है और आज वो बेहतर कर रहे हैं। रहाणे का ये जवाब स्टेन के उस बयान के बाद आया है, जिसमें उन्होंने ये कहा था कि पीएसलएल में आईपीएल से ज्यादा क्रिकेट पर ध्यान दिया जाता है। पीएसएल के इस सीजन में क्वेटा ग्लेडिएटर्स की तरफ से खेलने वाले स्टेन के मुताबिक, जब आप आईपीएल खेलने जाते हैं तो वहां इतने सारे बड़े नाम होते हैं और उनकी कमाई पर जोर दिया जाता है। इससे क्रिकेट को भुला दिया जाता है। वहीं, आप अगर पीएसएल और लंका प्रीमियर लीग में खेलते हैं तो यहां पर आपका पूरा फोकस सिर्फ क्रिकेट पर ही रहता है। मैं पीएसएल खेल रहा हूं. लोग मेरे पास आते हैं तो सिर्फ क्रिकेट को लेकर ही बात करते हैं.

## आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में लोकेश राहुल दूसरे स्थान पर कायम

### कोहली को एक पायदान का फायदा



**दुबई ।** भारतीय क्रिकेटर लोकेश राहुल ने बुधवार को जारी ताजा आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग की बल्लेबाजी सूची में अपना दूसरा स्थान बरकरार रखा, जबकि कप्तान विराट कोहली को एक पायदान का फायदा हुआ है। राहुल 816 अंक से इंग्लैंड के डेविड मलान (915) से पीछे हैं, जो अपने शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं, जबकि कोहली के 697 अंक हैं। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम (801) एक पायदान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गए। दूसरी ओर, ऑस्ट्रेलिया के सफेद गेंद के कप्तान आरोन फिंच (788) चौथे स्थान पर खिसक गए। दक्षिण अफ्रीका के वॉन डर डुसेन (700) भी सूची में एक पायदान के लाभ से पांचवें स्थान पर पहुंच गए। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों के स्थानों में दोनों देशों के बीच चल रही सीरीज के पहले दो मैचों के बाद अपडेट हुई रैंकिंग में काफी बदलाव हुआ है। वहीं न्यूजीलैंड के डेवन कोनवे ने शुरुआती मैच में नाबाद 99 रन बनाए थे जिससे वह 46 पायदान के फायदे से महज आठ मैचों के बाद ही 17वें स्थान पर जबकि सलामी बल्लेबाज मार्टिन गप्टिल 97 रन की पारी के बूते तीन पायदान के फायदे से 11वें स्थान पर पहुंचे। ऑस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस 77 पायदान की छलांग से 110वें जबकि मैथ्यू वेड 118वें नंबर पर हैं। गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पांच स्थानों में कोई बदलाव नहीं हुआ है जिसमें अफगानिस्तान के राशिद खान (736) शीर्ष पर हैं। शीर्ष 10 गेंदबाजों में कोई भारतीय शामिल नहीं है। न्यूजीलैंड के टिम साउदी छठे, मिशेल सैंटनर सातवें, ईश सोढी 11वें और ट्रेंट बोल्ट 49वें स्थान पर पहुंच गए। ऑस्ट्रेलिया के जाय रिचर्डसन ने 115वें स्थान से सूची में दोबारा प्रवेश किया है।

## कई खासियतों वाला सैमसंग गैलेक्सी एम12 मोबाइल 11 मार्च को होगा लॉन्च




**नई दिल्ली।** मशहूर स्मार्टफोन कंपनी सैमसंग ने अपने किफायता गैलेक्सी एम12 को भारत में 11 मार्च को लॉन्च करने की तैयारी की है। अमेज़न पर जारी हुए पेज से पता चल गया है कि फोन को ऑनलाइन इवेंट के ज़रिए दोपहर 12 बजे लॉन्च किया जाएगा। सैमसंग गैलेक्सी एम12 कंपनी के गैलेक्सी एम11 का सक्सेसर फोन होगा, जिसकी शुरुआती कीमत 10,499 रुपये है। इसी लिए आने वाले गैलेक्सी एम12 को लेकर उम्मीद की जा रही है कि इसे 12,000 रुपये के अंदर पेश किया जाएगा। अमेज़न वेबपेज से फोन की कुछ जानकारियां भी सामने आ गई है। इस स्मार्टफोन के साथ टैगलाइन 'मोनस्टर रिलोडिडेट' का इस्तेमाल किया गया है। लॉन्च से पहले ही पता चल चुका है कि इसमें 6000एमएएच की बड़ी बैटरी दी जाएगी। अमेज़न वेबपेज के मुताबिक गैलेक्सी एम12 6.5 इंच (16.55सेमी.) इनफिनिटी-वी डिस्प्ले के साथ आएगा। इसके अलावा ये भी पता चला है कि गैलेक्सी एम12 में 90एचजेड का रिफ्रेश रेट दिया जाएगा। डिस्प्ले रेट का मतलब ये होता है कि इतनी बार डिस्प्ले हर सेकेंड में रिफ्रेश होती है।

## पेट्रोल और डीजल के दाम स्थिर

**मुंबई ।** घरेलू बाजार में ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने बुधवार को लगातार चौथे दिन पेट्रोल और डीजल के दाम में कोई बढ़ोतरी नहीं की है। इसके पहले 27 फरवरी को पेट्रोल-डीजल के दाम ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गए। दिल्ली में 3 मार्च को पेट्रोल के दाम 91.17 रुपए प्रति लीटर और डीजल के भाव 81.47 रुपए प्रति लीटर हैं। मुंबई में भी पेट्रोल के भाव 97.57 रुपए प्रति लीटर और डीजल के भाव 88.60 रुपए प्रति लीटर हैं। कोलकाता में भी पेट्रोल के दाम 91.35 रुपए प्रति लीटर और डीजल के दाम 84.35 रुपए प्रति लीटर हैं। चेन्नई में भी पेट्रोल के दाम 93.11 रुपए प्रति लीटर और डीजल के दाम 86.45 रुपए प्रति लीटर हैं। इसी तरह बेंगलुरु में भी पेट्रोल के दाम 94.22 रुपए प्रति लीटर और डीजल के दाम 86.37 रुपए प्रति लीटर हैं।

## भारती एयरटेल ने स्पेक्ट्रम नीलामी में 18,699 करोड़ रुपये की रेडियो तरंगे हासिल की

**नई दिल्ली।** मोबाइल सेवाओं तो और द्रुत गति प्रदान करने के लिए दूरसंचार क्षेत्र की निजी कंपनी भारती एयरटेल ने मंगलवार को कहा कि स्पेक्ट्रम की ताजा नीलामी में 18,699 करोड़ रुपये की रेडियोतरंगों का अधिग्रहण किया है। कंपनी ने एक बयान में यह जानकारी दी है। उसने कहा है कि कंपनी ने 355.45 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम, मिड बैंड और 2300 मेगाहर्ट्ज बैंड का अधिग्रहण किया है। इससे कंपनी को देश में सबसे मजबूत स्पेक्ट्रम होल्डिंग प्राप्त हो गई है। कंपनी ने कहा है कि इसके चलते उसे भविष्य में 5जी सेवायें उपलब्ध कराने में सफलता मिलेगी। कंपनी का कहना है कि अब उसके पास देशभर में गीगाहर्ट्ज उपक्षेत्र में स्पेक्ट्रम हासिल हो गया है, जिससे अब शहरों में उसकी सेवायें घरों के अंदर और भवनों में भी अच्छी कवरेज दे सकेंगी। इसके अलावा इस स्पेक्ट्रम से कंपनी की दूरसंचार सेवायें गांवों में भी बेहतर होंगी। एयरटेल ने कहा है कि नीलामी में बड़ी मात्रा में स्पेक्ट्रम उपलब्ध होने के बावजूद 700 मेगाहर्ट्ज के बैंड में परिचालकों की ओर से कोई बोली नहीं मिली क्योंकि आर्थिक लिहाज से यह बैंड उनके लिये उपयोगी नहीं बनता है। इस बैंड का आरक्षित मूल्य काफी ऊंचा रखा गया है। भारती एयरटेल के भारत और दक्षिण एशिया क्षेत्र के प्रबंध निदेशक और सीईओ गोपाल विट्टल ने कहा कि अब कंपनी के पास मजबूत स्पेक्ट्रम पोर्टफोलियो हो गया है। इससे भारत में कंपनी अपने ग्राहकों को सबसे बेहतर मोबाइल ब्राडबैंड का अनुभव कराने में सफल होगी। दूरसंचार विभाग द्वारा आयोजित यह स्पेक्ट्रम नीलामी बोली के दूसरे दिन आज समाप्त हो गई। इसमें कुल सात बैंड में चार लाख करोड़ रुपये के 2,308.80 मोगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम को नीलामी के लिये रखा गया था। नीलामी के पहले दिन कुल 77,146 करोड़ रुपये की बोलियां प्राप्त हुईं। इसमें रिलायंस जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया ने भाग लिया। सरकार ने प्राप्त बोलियों पर कहा कि यह उम्मीद से बेहतर रही है।



# बाबू 20 हजार की घूस लेते रंगों हाथों गिरफ्तार

## लोकायुक्त ने तत्काल नोट निगरानी में लेकर भ्रष्टाचार का मामला दर्ज कर लिया

**ग्वालियर।** एक दिन पहले एक्सीडेंट में घायल होकर अस्पताल में भर्ती होने के बाद भी तहसीलदार के बाबू को लोकायुक्त ने 20 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ दबोच लिया। लोकायुक्त ने तत्काल नोट निगरानी में लेकर भ्रष्टाचार का मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार ग्वालियर के सिरोल स्थित हुरावली सुरक्षा विहार कॉलोनी निवासी हरिसिंह राणा किसान हैं। मूल रूप से वह भिंड के मौ तहसील स्थित इटायली गांव के हैं। वहां उनकी 6 बीघा जमीन है। जिसे हरिसिंह के पिता अपने पोतों के नाम कर गए थे। हरिसिंह मौ तहसील में 3 साल से इस जमीन के नामांतरण के लिए चक्कर लगा रहे थे। इस दौरान दो तहसीलदार भी बदल गए, लेकिन मौ तहसील में पदस्थ बाबू श्रीकृष्ण बौहरे निवासी डीडी नगर उन्हें परेशान कर रहा था। वह जमीन नामांतरण के लिए 30 हजार रुपए रिश्वत मांग रहा था। परेशान हो चुके किसान लोकायुक्त एसपी से मिले और शिकायत की। मामले की जांच टीआई लोकायुक्त कविन्द्र सिंह चौहान को दी गई। उन्होंने किसान को रिकॉर्डर देकर



बातचीत करने के लिए कहा। इसमें फरियादी ने पूरी बात रिकॉर्ड की। 30 हजार रुपए से मोल भाव करते हुए 20 हजार में बात तय हो गई। लेकिन मंगलवार को बाबू की गाड़ी स्लिप हो गई और वह घायल हो गया। उसके हाथ पैर व चेहरे पर चोट लगी। जिस कारण मंगलवार को उसे ट्रेप नहीं कर सके। बुधवार सुबह जब हरिसिंह ने उसे फोन लगाया तो उसने कहा घर आ जाओ फिर बोला कि मैं सिटी सेंटर जीवन ज्योति नेत्रालय आ रहा हूं वहां आ जाओ। हॉस्पिटल पहुंचकर जैसे ही किसान ने बाबू श्रीकृष्ण बौहरे को 2-2 हजार के 10 नोट थमाए तो वह गिनने लगा। तभी लोकायुक्त टीम ने उसका हाथ पकड़ लिया।तो बाबू कहने लगा कि साहब यह रुपए उसने अपने पहचान वाले हरिसिंह राणा से उधार लिए हैं। इसके बाद कैमिकल लगे नोट छूने वाले बाबू के हाथ जैसे ही पानी में डलवाए गए पानी गुलाबी हो गया। लोकायुक्त ने रुपए, बाबू का मोबाइल निगरानी में लेकर तत्काल भ्रष्टाचार का मामला दर्ज कर लिया है।

# ट्रक डंपर की भिड़ंत में लगी आग,, चालक की जलकर मौत

**ग्वालियर।** देहात के बिलौआथाना क्षेत्र में हाईवे पर बीती रात एक ट्रक और डंपर के बीच टक्कर हो गई और वाहन में आग लग गई इस घटना में एक वाहन के चालक की जलकर मौत हो गई । मौके र पहुंची दमकल ने किसी तरह आग पर काबू पाया उसके बाद चालक के सब को बाहर निकाल पाए ।जानकारी के अनुसार मुरैना निवासी सीताराम गुर्जर ट्रक चालक है बीते रोज वह बिलौआ क्रेशर मार्केट पर सामान लेकर आया था और सामान लेने के बाद रात के समय वह वापस लौट रहा था। तभी हाईवे पर सामने से आ रहे एक डंपर क्रमांक एमपी 07 एचबी 2920 के चालक ने ट्रक में टक्कर मार दी टक्कर इतनी तेज थी कि सीताराम स्टेरिंग में फंस गया और उसके बाद ट्रक और डंपर में आग लग गई देखते ही देखते पूरा ट्रक धू-धू करके जलने लगा और सीता राम की मौत हो गई ।घटना की सूचना मिलते ही दमकल और पुलिस मौके पर आ गई उसके बाद आग पर काबू पाया। पुलिस ने मामला दर्ज कराते के कारणों की जांच प्रारंभ कर दी है।

## धमाके से हुआ कंपन से लोग समझे भूकंप

ग्वालियर। शहर मे सुबह तेज धमाके के साथ हुए कंपन से लोग डर गए लोगों को लगा कि कहीं भूकंप तो नहीं आया । कुछ ही देर बाद पता लगा कि एयरफोर्स के एयरबेस से लडाकू विमान अभ्यास के लिए उड़े थे। जब फाइटर प्लेन सामान्य गति से सुपर सोनिक स्पीड में आते हैं तो इस तरह का धमाका और कंपन होता है, जिसे साउंड बैरियर कहा जाता है। इसके बाद लोगों लोगों ने राहत की सांस ली।

### न्यायमूर्ति एस ए धर्माधिकारी द्वारा हरी झण्डी दिखाकर किया शुभारंभ

# आयुष्मान भारत निरामय योजना के तहत बाईक रैली निकाली




**ग्वालियर।** आयुष्मान भारत निरामय योजना की जानकारी आमजन तक पहुँचाने एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से आयोजित की जाने वाली बाईक रैली का शुभारंभ माननीय उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर परिसर से माननीय न्यायमूर्ति श्री एस ए धर्माधिकारी द्वारा हरी झण्डी दिखाकर किया गया। इस बाईक रैली का माननीय उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए मेडीकल कॉलेज ग्वालियर पर समापन किया गया। आयुष्मान भारत निरामय योजना के तहत आपके द्वार आयुष्मान माह का आयोजन ग्वालियर में किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम के द्वारा गंभीर बीमारी के निःशुल्क उपचार हेतु जगह-जगह आयुष्मान भारत निरामय योजना के पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। साथ ही अगर कोई आयुष्मान योजना का पात्र हितग्राही है और मध्यप्रदेश के किसी अन्य जिले का रहने वाला है तो उसका भी अब ग्वालियर में कार्ड बनाया जायेगा। इसके अलावा जिन पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान भारत निरामय योजना के बार्ड नहीं बने हें वे जिला चिकित्सालय मुरार, माधव डिस्पेंसरी, जेएएच, सिविल अस्पताल हजीरा, मानसिक आरोग्यशाला चिकित्सालय, सिविल अस्पताल डबरा में जाकर निःशुल्क कार्ड बनवाए। साथ ही ग्वालियर में शासन द्वारा अधिकृत संचालित कॉमन सर्विस सेंटरों पर भी जाकर निःशुल्क कार्ड बनवाए जा सकते हैं। इस योजना का एक वित्तीय वर्ष में पाँच लाख रूपए तक का एक परिवार लाभ ले सकता है। इस अवसर पर प्रिंसिपल रजिस्ट्रार श्री विमल प्रकाश शुक्ला, ओएसडी श्री शिवकांत, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ग्वालियर श्री ऋतुराज सिंह चौहान, अपर कलेक्टर श्री रिंकेश वैश्य, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष शर्मा, अधिवक्तागण, विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारी-कर्मचारीगण, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारीगण, पैरालीगल वॉलेंटियर्स आदि उपस्थित थे।

# कोई भी ग्रामीण स्ट्रीट वेंडर योजना के लाभ से वंचित न रहे : कान्याल

**ग्वालियर।** मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता योजना के तहत यदि कोई भी पात्र ग्रामीण स्ट्रीट वेंडर लाभ से वंचित रहा तो संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी व बैंकर्स जवाबदेह होंगे। यह बात जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री किशोर कान्याल ने मुख्यमंत्री पथ विक्रेता योजना एवं राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा बैठक में दिए। उन्होंने भितरवार जनपद पंचायत की प्रगति ठीक नहीं पाए जाने पर नाराजगी जताई। बुधवार को जिला पंचायत के सभागार में आयोजित हुई बैठक में श्री कान्याल ने कहा कि



जिला पंचायत सीईओ ने समीक्षा बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश

मुख्यमंत्री पथ विक्रेता योजना के शेष प्रकरण 15 मार्च तक बैंकों से हर हाल में मंजूर करा लिए जाएँ। उन्होंने बैंको से समन्वय स्थापित कर राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूहों के खातों में कैश क्रेडिट लिमिट, सुनिश्चित कराने पर भी बल दिया। साथ ही कहा मौजूदा वित्तीय वर्ष के सभी लक्ष्य पूर्ण किए जाएं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत नए स्व-सहायता समूह गठित करने पर बल देते हुए कहा कि समूहों से जुड़कर जिले की महिलाओं ने आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाए हैं। इसलिये गाँव-गाँव में नए समूह गठित किए जाएँ। साथ ही उन्हें प्रशिक्षण दिलाकर रोजगारमूलक इकाईयों से भी जोड़ें।

# सीमा पर होगी बदमाशों की चौकसी, ग्वालियर व मुरैना पुलिस एक साथ संभालेगी मोर्चा



**ग्वालियर।** रेत और पत्थर माफियाओं पर नकेल कसने के लिए ग्वालियर और मुरैना पुलिस के अफसरों ने निरावली चेकिंग प्वाइंट पर करीब 40 मिनट तक मंथन किया। सड़क पर बॉर्डर मीट में ग्वालियर रेंज आईजी अविनाश शर्मा, एसपी अमित सांघी, मुरैन एसपी सुनील पांडेय सहित पुलिस अधिकारी मौजूद थे। दरअसल ऑन रोड मीटिंग का मकसद चंबल नदी से रेत खोदकर लाने वालों को दबोचना था। माफिया इसी रास्ते से ग्वालियर में एंट्री लेते है इसलिए उसे बंद करना था इसमें तय हुआ कि ग्वालियर और मुरैन पुलिस के 25-25 जवान और उनके साथ राजस्व व माइनिंग के अधिकारी भी रहेंगे क्योंकि वहीं पहचान सकते है कि रेत चंबल नदी लाई गई है या नही। निरावली चेकिंग प्वाइंट, पुरानी छावनी पर शाम को ग्वालियर और मुरैना पुलिस के अफसरों की गाडियां आकर रूकी तो लोग सकते में आ गए। आईजी ग्वालियर रेंज, ग्वालियर और मुरैना एसपी सहित करीब 24 से ज्यादा पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों की टीम गाड़ियों से उतर कर हाईवे की सड़क पर खड़ी हो गई फिर तय हुआ कि रेत, माफियाओं पर नकेल कसने के लिए ज्वाइंट ऑपरेशन में क्या किया जा सकता है।

# विधायक डॉ. सिकरवार ने ठेला व्यवसाईयों के बेह्तर व्यवस्थापन के लिये कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**ग्वालियर।** ग्वालियर पूर्व से कॉग्रेस विधायक डॉ. सतीष सिंह सिकरवार ने ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के ठेला व्यवसाईयों के बेहतर व्यवस्थापन किये जाने की मांग को लेकर आज जिला कलेक्टर ग्वालियर के नाम ए.डी.एम रिंकेष वैष्य को ज्ञापन सौंप कर ठेला व्यवसाईयों के हितो की रक्षा का ध्यान रखते हुये कार्यवाही करने का अनुरोध किया है। यहां उल्लेखनीय है कि ठेला व्यवसाईयों ने विधायक डॉ. सिकरवार से भेंट कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। ज्ञापन में विधायक डॉ. सिकरवार द्वारा कहा गया है कि ग्वालियर के विकास हेतु मैं कृतसंकल्पित हूॅ। मेरे विधानसभा क्षेत्र के ठेला चालकों द्वारा बताया गया कि रात 12 से प्रातः 4/5 बजे के मध्य नगर निगम का अमला ठेला उठाकर ले जाता है और हमे बैरोजगार कर रहा है, जिसके कारण इन निम्न वर्ग के व्यक्तियों को भरण पोषण करने में कठिन परिस्थितियों से गुजरना पड रहा है। अतः ज्ञापन के माध्यम से आपका



ध्यान निम्न विषयों की ओर दिलाना चाहता हूॅ। मुरार बारादरी चौराहा, बस स्टेण्ड, थाटीपुर एवं जयारोग्य चिकित्सालय अस्पताल मार्ग, कमलाराजा चिकित्सालय के.आर.जी.रोड़ एवं मेरे विधानसभा क्षेत्र के अन्य स्थानों पर वर्षो से व्यवसाय करने वाले ठेला व्यवसाईयों (चाट, पोहा, फ्ल, जूस, सब्जी विक्रेता आदि) का उचित व्यवस्थापन करने के बाद कार्यवाही की जावें। कोरोना काल से यह लोग रोजी रोटी के लिये परेषान है। सरकार इनकी रोजी रोटी चलाने के लिये 10,000/- की आर्थिक सहायता देने की घोषणा कर चुकी है। ऐसे में इनको हटाया जाना सरकार की मंषा के विपरीत होगा। ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान स्थान पर लग रहे ठेलों को प्रातः 6.00 बजे से 10.30 बजे तक नाष्ता आदि का व्यवसाय करने की अनुमति दिया जाना उचित होगा। जन सुविधा और व्यवसाईयों के रोजगार के तथ्य को दृष्टिगत रखते हुये वर्तमान स्थान पर लग रहे चाट ठेलों को रात में 7 से 11 बजे तक चाट विक्रय की अनुमति दी जाना उचित होगा। हॉकर्स जोन में हाथ ठेला व्यवसाईयों का व्यवस्थापन किये जाने से पहले सभी हॉकर्स जोन में पेयजल, बिजली, शौचालय एवं पक्के चबूतरों का निर्माण आदि अन्य व्यवस्थायें की जाये। विधायक डॉ. सिकरवार के साथ ज्ञापन देने वालों में ब्लॉक अध्यक्ष विनोदी जैन, अवधेष कौरव, अनिल षर्मा, सौरभ जैन, चंदन राठौर, अंकित कठठ्ल, प्रदीप गुर्जर, विजय सेनवार, षिवा राजपूत, राजू सेजवार, राजवीर कुषवाह, प्रषांत जैन, राजकुमार षर्मा, षिवम षर्मा आदि मौजूद रहे।

### जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक सम्पन्न

# कोविड-19 की वैक्सीनेशन का कार्य पूर्ण गंभीरता के साथ कराया जाए : कलेक्टर

**ग्वालियर।** कोविड-19 के वैक्सीनेशन का कार्य पूरी गंभीरता के साथ किया जाए। जिले में कोई भी व्यक्ति कोविड वैक्सीन लगवाने से वंचित न रहे, ऐसी कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जाए। वैक्सीनेशन केन्द्रों पर सभी आवश्यक सुविधायें भी उपलब्ध होना चाहिए। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक में यह निर्देश दिए हैं। बुधवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में जिला टास्क फोर्स की बैठक हुई। बैठक में टीकाकरण के संबंध में रणनीति बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री किशोर कान्याल, सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा, महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री राजीव सिंह, डब्ल्यूएचओ के डॉ. राजावत, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. आर




के गुप्ता, के साथ ही लॉयन्स क्लब, पेंशन एसोसिएशन सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि कोविड वैक्सीनेशन के लिये जारी की गई गाइडलाइन के अनुसार 45 वर्ष से 59 वर्ष तक के चिन्हित गंभीर बीमारियों से ग्रसित व्यक्तियों तथा 60 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों को टीकाकरण कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि टीकाकरण के लिये टीमें गठित कर प्लानिंग से कार्य किया जाए। शहरी क्षेत्र में वार्ड स्तर पर तथा ग्रामीण क्षेत्र में पोलिंग बूथ अनुसार टीकाकरण टीम गठित कर कार्य कराया जाए। टीकाकरण कार्य में आशा कार्यकर्ता, एएनएम तथा नगर निगम के टैक्स कलेक्टर को तथा ग्रामीण क्षेत्र में आशा कार्यकर्ता, पटवारी, कोटवार एवं बीएलओ को रखा जाए। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने यह भी निर्देश दिए हैं कि कोविड-19 के वैक्सीनेशन हेतु जो गाइडलाइन और प्रक्रिया बताई गई है उसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। ग्वालियर व्यापार मेले में भी वैक्सीनेशन के संबंध में निरंतर सूचनायें सैलानियो को मिलें, ऐसी व्यवस्था बनाई जाए। टीकाकरण के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। जो लक्ष्य निर्धारित हैं उसे शतप्रतिशत पूरा करते हुए टीकाकरण का कार्य प्रभावी रूप से कराया जाए।


स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478